सतना
03 फरवरी 2025 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ऑस्ट्रेलिया ने ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### बोर्डिंग स्कूल पर हुआ घातक हमला, रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**कीव (एजेंसी)।** रूस में कुर्स्क क्षेत्र के सुदजा शहर में एक बोर्डिंग स्कूल पर घातक हमले के लिए यूक्रेन और रूस ने एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। यह शहर पिछले पांच महीने से यूक्रेन के नियंत्रण में है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 'जनरल स्टाफ' ने शनिवार रात कहा कि हमले में चार लोग मारे गए और चार अन्य गंभीर रूप से



घायल हुए हैं। यूक्रेन ने कहा कि इमारत के मलबे से यूक्रेनी सैनिकों ने 84 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को ने उस बोर्डिंग स्कूल पर बमबारी की जिसमें आम नागरिकों ने शरण ली थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार तड़के दावा किया कि स्कूल पर मिसाइल हमला यूक्रेनी सेना ने किया था। उसने कहा कि मिसाइल यूक्रेन के सुमी क्षेत्र से दागी गई थी। इस बीच, यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के पोल्तावा शहर में शनिवार को एक अपार्टमेंट पर हुए रूसी मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि पांच मंजिला इमारत पर हुए इस हमले में 17 लोग घायल हो गए है।

### ट्रंप के साथ हमास और ईरान समेत अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ आगामी बैठक में गाजा पट्टी में %हमास पर जीत%, ईरान का मुकाबला करने और अरब देशों के साथ राजनयिक संबंध बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। व्हाइट



हाउस में मंगलवार को नेतन्याहू के साथ होने वाली बैठक राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद ट्रंप की किसी विदेश नेता के साथ पहली बैठक होगी। यह बैठक ऐसे समय में होगी, जब अमेरिकी और अरब मध्यस्थ गाजा पट्टी में युद्ध रोकने और बंधकों-कैदियों की अदला-बदली के लिए सोमवार से संघर्ष-विराम समझौते के अगले चरण पर सहमति कायम करने की कवायद शुरू करने वाले हैं। पिछले महीने संघर्ष-विराम के प्रभावी होने के बाद गाजा पट्टी पर फिर से नियंत्रण हासिल करने वाले समूह हमास ने कहा है कि वह युद्ध की समाप्ति और इजरायली बलों की पूर्ण वापसी के बाद ही दूसरे चरण में मुक्त किए जाने वाले बंधकों को रिहा करेगा। नेतन्याहू पर उनके गठबंधन सहयोगी मार्च की शुरुआत में संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद युद्ध में फिर से उतरने का दबाव बना रहे हैं। नेतन्याहू ने भी कहा है कि इजरायल अब भी हमास पर जीत और सात अक्टूबर 2023 के हमलों के दौरान अगवा किए गए सभी बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध है। इन हमलों के बाद गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच युद्ध छिड़ गया था। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप का इजरायल-हमास युद्ध को लेकर क्या रुख है।

## सारा अली खान को देखने पहुंचे फैंस हुए बेकाबू, स्टेडियम के गेट तोड़े

**राउरकेला (एजेंसी)।** ओडिशा के राउरकेला स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में शनिवार को हॉकी इंडिया लीग का आखिरी दिन था। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने स्टेडियम में अपने डांस परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत लिया। हालांकि, इस मौके पर स्टेडियम के बाहर एक गंभीर घटना घट गई, जब बड़ी संख्या में सारा को देखने आए उनके फैंस के बीच धक्का मुक्की हो गई। भीड़ इतनी बेकाबू हो गई कि गुस्साए फैंस ने स्टेडियम के गेट तक तोड़ दिए, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह घटना हिंसक तब हो गई जब इस अफरा-तफरी में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में ले गई। स्टेडियम के बाहर हुई इस अफरा-तफरी ने पूरे समारोह को प्रभावित किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने पर इसे नियंत्रित नहीं किया जा सका। इस बीच, सारा अली खान का डांस परफॉर्मेंस शानदार रहा और उनके फैंस ने उनका जमकर स्वागत किया। हालांकि, यह घटना उस खुशी के पल को कुछ फीका जरूर कर गई, जो इस खेल और कार्यक्रम के बीच बना था। बता दें कि सारा अली खान अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। सारा ने अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत 2018 में ÷केदारनाथ÷ फिल्म से की थी, जिसमें उनके अभिनय को काफी सराहा गया था। इसके बाद उन्होंने ÷सिंबा÷ जैसी सफल फिल्मों में भी अभिनय किया, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



### चुनाव से जुड़ी शिकायतों की करेगी जांच

# दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस ने बनाई 'EAGLE' टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने में अब दो दिन ही शेष हैं। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने 'EAGLE' टीम बनाई है। इसका पूरा नाम 'Empowered Action Group of Leaders and E&perts' है। इस टीम में आठ सदस्यों को शामिल किया गया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस टीम के बारे में जानकारी दी गई है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, %माननीय कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत के चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और विशेषज्ञों के एक अधिकार प्राप्त कार्य समूह (EAGLE) का गठन किया है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं। इसके साथ ही विज्ञप्ति में लिखा है, यह समिति सबसे पहले महाराष्ट्र मतदाता सूची में हेरफेर के मुद्दे को उठाएगी और जल्द से जल्द नेतृत्व को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी। 'EAGLE' अन्य राज्यों में



पिछले चुनावों का भी विश्लेषण करेगा, और आगामी चुनावों और देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन से संबंधित अन्य सभी मुद्दों पर सक्रिय रूप से निगरानी करेगा। बता दें कि देश के अलग-अलग राज्यों में हुए चुनावों के दौरान विपक्षी दलों की ओर से लगातार शिकायतें दर्ज कराई जाती रही हैं। इसमें ईवीएम हैकिंग से लेकर मतदाता सूची में गड़बड़ी तक के आरोप शामिल हैं। हालांकि चुनाव आयोग के द्वारा लगातार इन आरोपों का खंडन किया जाता रहा है। वहीं अब कांग्रेस पार्टी की 'EAGLE' टीम पिछले चुनावों से लेकर आगामी चुनावों तक में होने वाली शिकायतों की जांच करेगी। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि देश की चुनाव प्रणाली में ''गंभीर खामी'' है और निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनावों में पारदर्शिता हो।

## '8 फरवरी को झूठ की दुकान पर ताला लग जाएगा'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से पहले चुनाव प्रचार पूरे चरम पर है। सियासी दल वोटरों को अपने




खेमे में लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि 8 फरवरी को झूठ की दुकान पर ताला लग जाएगा। दिल्ली में बीजेपी की सरकार बन रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली में जो झूठ की दुकान खुली थी, उसे लोग अब समझ चुके हैं। 8 तारीख को झूठ की दुकान पर ताला लग जाएगा। उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) लोगों से जो वादे किए थे, वह आज भी सिर्फ वादे ही हैं। उन्होंने कोई वादा पूरा नहीं किया। अरविंद केजरीवाल लगातार झूठ बोलते रहे हैं।÷ नायब सिंह सैनी भी दिल्ली में बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को भी अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला था। सैनी ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह यमुना के पानी में जहर मिलाने समेत अन्य झूठ प्रचार करके दिल्ली में अपनी विफलताओं एवं कुशासन को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। सैनी ने भाजपा प्रत्याशी मनोज शौकीन के समर्थन में यहां नांगलोई में एक जनसभा में कहा कि केजरीवाल झूठे आरोप लगाकर अपने जन्म स्थान वाले राज्य हरियाणा को बदनाम कर रहे हैं तथा आठ फरवरी को उनकी 'झूठ की दुकान' बंद हो जायेगी।

## ऋषि सुनक ने मुंबई में खेला क्रिकेट, तस्वीर शेयर करते हुए कही ये मजेदार बात

### आप सभी के बीच होकर बहुत खुशी महसूस हो रही

**मुंबई (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इन दिनों भारत दौरे पर हैं। इस बीच उन्होंने रविवार को दक्षिण मुंबई स्थित पारसी जिमखाना का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलने का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह ज्यादा बार आउट नहीं हुए। वहीं ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इसकी तस्वीर शेयर की है। ऋषि सुनक ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷टेनिस बॉल से क्रिकेट खेले बिना मुंबई की कोई यात्रा पूरी नहीं मानी जाती।÷ इसके अलावा उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ÷पारसी जिमखाना क्लब के स्थापना दिवस समारोह में आप सभी के बीच होकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। यह एक असाधारण उपलब्धि है। इतने सारे इतिहास और इतनी सारी रोमांचक चीजों का गवाह बना। मैं आज सुबह ज्यादा बार आउट नहीं हुआ। सुनक ने कहा कि वह इस तरह की और यात्राएं करने के इच्छुक हैं। बता दें कि पारसी जिमखाना की स्थापना 25 फरवरी 1885 को की गई थी और सर जमशेदजी जेजीभॉय को इसका संस्थापक अध्यक्ष, जबकि जमशेदजी टाटा को अध्यक्ष नियुक्ति किया गया था। 1887 में पारसी



जिमखाना को उसके वर्तमान स्थान सुरम्य मरीन ड्राइव पर स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे हैं और वह कंजर्वेटिव पार्टी के नेता हैं। पिछले साल, जुलाई महीने में ब्रिटिश चुनाव में लेबर पार्टी को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई थी। हालांकि ऋषि सुनक अपनी सीट तो जीतने में कामयाब हुए, लेकिन वह सरकार बनाने में असफल रहे। फिलहाल लेबर पार्टी के कियर स्टार्मर अभी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैं। ब्रिटेन के संसदीय चुनाव में हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए 26 भारतीय मूल के सांसद चुने गए, जिनमें ऋषि सुनक भी एक हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर रफ्तार का कहर

### मर्सिडीज़ कार की टक्कर से 5 लोग घायल, ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई एयरपोर्ट पर आज सुबह तेज रफ्तार मर्सिडीज कार की चपेट में आकर पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक घटना आज सुबह की है जब प्राइवेट कंपनी की एक मर्सिडीज़ कार के ड्राइवर ने एयरपोर्ट पर पैसेंजेर्स को छोड़ने के बाद अपना नियंत्रण खो दिया और गेट नंबर 3 पर जाकर टकरा गई। इस घटना में दो विदेशी नागरिकों और तीन एयरपोर्ट स्टाफ से जुड़े हुए लोगों को चोट आई है। विदेशी नागरिकों को मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं एयरपोर्ट स्टाफ से जुड़े हुए एक व्यक्ति ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं चला अचानक गाड़ी कब आई और उन्हें टक्कर मार दी। उनके एक साथी का पैर इस घटना में टूट गया। फिलहाल मुंबई की सहार पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। एयरपोर्ट स्टाफ से जुड़े हुए लोगों के दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक मर्सिडीज के ड्राइवर ने पैसेंजर्स को गेट नंबर-1 पर उतार



दिया था। पैसेंजर्स को छोड़ने के बाद जब वह वापस लौट रहा था उसने नियंत्रण खो दिया और उसकी कार गेट 3 के सामने रैंप से टकरा गई। बताया जाता है कि रफ्तार तेज होने की वजह से यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बुर्का के बाद अब इस्लाम और कुरान पर बोले नितेश राणे

### 'सुधारने का वक्त आ गया है'

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब उनका एक और बयान आया है, जिसमें उन्होंने इस्लाम धर्म और कुरान के बारे में कहा। राणे ने कहा कि जिनको इस्लाम धर्म अभी तक समझ में नहीं आया, जिनको कुरान का सही अर्थ नहीं समझ आया है, उन्हें अब सुधारने का वक्त आ गया है। यह बयान उन्होंने नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान दिया।

एक सवाल पर नितेश राणे ने कहा कि वे खुद कभी बिगड़े हुए नहीं थे और धर्म की बात करने वाले लोग कभी बिगड़ते नहीं हैं। उनका कहना था कि वे खुद हमेशा सुधारने वाले लोग हैं और उलटे जिनको इस्लाम के बारे में सही ज्ञान नहीं है, उन्हें सुधारने की जरूरत है।

इसके अलावा, जब उनसे यह सवाल किया गया कि उनके सहयोगी मंत्री संजय शिरसाठ का कहना है कि शिवसेना को एक हो जाना



चाहिए, तो इस पर राणे ने कहा कि यह शिरसाठ का व्यक्तिगत मत है और उन्हें यह सवाल एकनाथ शिंदे से पूछना चाहिए कि इस बारे में उनका क्या विचार है।

इससे पहले नितेश राणे ने बोर्ड की परीक्षा देने वाली छात्राओं के बुर्का पहनने पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया था। नितेश राणे ने इस मुद्दे को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भूसे को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि परीक्षा केंद्रों पर बुर्का पहनने से सुरक्षा और नकल संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

राणे का कहना था कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं को बुर्का पहनने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, यदि आवश्यक हो तो जांच के लिए महिला पुलिस अधिकारी या महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। यदि परीक्षार्थियों को बुर्का पहनने की अनुमति दी गई, तो यह पता लगाना कठिन हो जाएगा कि नकल करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या अन्य साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है या नहीं।

## 'दिल्ली में वोटिंग से पहले बिखरने लगे झाड़ू के तिनके, घबरा गई आपदा पार्टी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरके पुरम में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दिल्ली की मौजूदा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी की सरकार को आपदा कह कर कई बड़े हमले किए। साथ ही उन्होंने शनिवार को संसद में पेश हुए यूनियन बजट की दिल्ली की



जनता को इसकी खूबियां भी गिनाई। पीएम मोदी ने कहा कि बसंत पंचमी से मौसम बदलने की शुरुआत हो जाती है। तीन दिन बाद दिल्ली में वोटिंग हैं। दिल्ली में इस बार भाजपा सरकार बनने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार बीजेपी को मौका जरूर दे। जनता की सेवा के लिए वह पूरी तरह खपा देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। ये नेता जान चुके हैं कि जनता आपदा से कितनी नफरत करती है। इन सब को देखते हुए आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि वह झूठी घोषणाएं कर रही है।

# महाकुंभ में बसंत पंचमी पर अमृत स्नान आज, अखाड़ों का टाइम टेबल जारी



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में बसंत पंचमी के मौके पर भारी भीड़ होने की संभावना जताई गई है। ऐसे में बसंत पंचमी के मौके पर अखाड़ों के स्नान का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया

### ● बसंत पंचमी के मौके पर भारी भीड़ होने की संभावना जताई

है। इस टाइम टेबल में बताया गया है कि कौन सा अखाड़ा कितने बजे स्नान करेगा और कितने बजे वापस आ जाएगा। मेलाधिकारी महाकुंभ विजय किरन आनंद ने अखाड़ों के परंपरागत अमृत स्नान की संशोधित समय-सारिणी जारी की है। जिसके अनुसार सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एंव श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के लिए शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 4 बजे निर्धारित किया गया है। घाट पर इनका आगमन 5 बजे होगा, और स्नान 40 मिनट तक चलेगा। इसके बाद घाट से प्रस्थान 5.40 बजे होगा और 6.40 बजे तक यह अखाड़े अपने शिविर में वापस पहुंचेंगे। श्री तपोनिधि पंचायती, श्री निरंजनी अखाड़ा एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनंद का शिविर से प्रस्थान का समय पूर्वाह्न 4.50 बजे, घाट पर इनका आगमन 5.50 बजे, घाट से प्रस्थान का समय 6.30 बजे और शिविर में आगमन का समय 7.30 बजे निर्धारित है। इसी प्रकार श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़ा का शिविर से प्रस्थान का समय 5.45 बजे, घाट पर पहुंचने का समय 6.45 बजे, घाट से वापस प्रस्थान का समय 7.25 बजे और शिविर में आने का समय 8.30 बजे है।

बैरागी अखाड़ों के तहत अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा सुबह 8.25 बजे शिविर से प्रस्थान करेंगे, घाट पर आगमन का समय 9.25 बजे और 30 मिनट के स्नान के बाद 9.55 बजे घाट से वापसी हेतु प्रस्थान करेंगे। 10.55 बजे तक यह अखाड़े अपने शिविर में वापस लौट आएंगे। इसी प्रकार, अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा सुबह 9.05 बजे शिविर से प्रस्थान करेंगे और 10.5 बजे घाट पर पहुंचेंगे। स्नान के बाद 10.55 बजे घाट से वापस हेतु प्रस्थान करेगें। यह 11.55 बजे तक शिविर लौटेगें। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा सुबह 10.05 बजे शिविर से प्रस्थान करेगें और 11.05 बजे घाट पर आगमन होगा। 11.35 बजे घाट से शिविर हेतु वापसी करेगें। 12.35 बजे शिविर में वापस आ जाएगें। उदासीन अखाड़ों के तहत श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा सुबह 11 बजे शिविर से प्रस्थान करेंगे। 12 बजे घाट पर आगमन, स्नान करने के बाद 12.55 बजे घाट से वापसी तथा 13.55 बजे शिविर में आगमन है। इसके अलावा, श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण 12.05 बजे शिविर से प्रस्थान करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने जीआईएस-2025 में आने वाले निवेशकों और उद्योगपतियों का किया हार्दिक स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट 2025 में भारत समेत विश्व के अनेक देशों से आने वाले निवेशकों, उद्योगपतियों और कम्पनियों का हृदय से स्वागत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों, अलौकिक पर्यटन स्थल, कुशल औद्योगिक नीतियों एवं निवेश की असीम संभावनाओं से युक्त मध्यप्रदेश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनंत संभावनाओं से समृद्ध अपना हृदय प्रदेश -मध्यप्रदेश में सभी अतिथियों का हृदय की गहराईयों से स्वागत है, अभिनंदन है।

## मप्र जनजातीय संग्रहालय का टाइमिंग बदला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश की जनजातियों के जीवन, देशज ज्ञान, कला परंपरा और सौंदर्यबोध की विशिष्टता को प्रदर्शित करने वाल मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय दर्शकों और पर्यटकों के लिए अपने समय में परिवर्तन कर रहा है। इस संग्रहालय में 6 अलग-अलग शिल्प एवं कला दीर्घाएं हैं। यहां जनजातीय जीवन, उनके परिवेश, खेल, संस्कृति एवं धार्मिक मान्यताओं की झलक देखने को मिलती है। इसके अलावा, प्रत्येक दीर्घा में जिज्ञासुओं और शोधार्थियों के लिए कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जहां हिंदी और अंग्रेजी में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राधारमण ग्रुप के छात्रों को दी क्लाउड कंप्यूटिंग की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग ने विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया। स्विफ्ट मलेशिया में एंटरप्राइज आर्किटेक्ट संकेत सक्सेना ने छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग और एडब्ल्यूएस की जानकारी दी। सक्सेना ने एडब्ल्यूएस की प्रमुख सेवाओं जैसे कंप्यूटिंग, स्टोरेज और सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों को एडब्ल्यूएस फ्री टियर से परिचित कराया। विशेष रूप से एडब्ल्यूएस सर्टिफिकेशन और क्लाउड कंप्यूटिंग में रोजगार के अवसरों पर चर्चा की। छात्रों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष आरआर सक्सेना ने कहा कि संस्थान छात्रों को नवीनतम तकनीकी प्रवृत्तियों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने क्लाउड कंप्यूटिंग को भविष्य की तकनीक बताते हुए कहा कि ऐसे सत्र छात्रों के करियर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के निदेशक, संकाय सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दादाजी धाम मंदिर भोपाल में बसंत पंचमी पर विशेष पूजा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में बसंत पंचमी (3 फरवरी) को मां सरस्वती का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। शाम 4 बजे विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा प्रारंभ होगी। इस दौरान 18 पुराण, 6 शास्त्र और 4 वेदों की विधिपूर्वक पूजा की जाएगी। पूजा में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी शामिल होंगे। पूजा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार दर्शन के लिए मंदिर के कपाट शाम 5ः30 बजे से रात 9ः30 बजे तक खुले रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों, महिलाओं और पुरुष भक्तों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

# इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टॉफ की कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता-मंत्री सिंह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल से प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

भोपाल संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन प्रशासन अकादमी में किया गया, जिसमे लगभग 360 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव, लोक निर्माण विभाग



के प्रमुख अभियंता श्री के.पी. एस. राणा एवं मुख्य अभियंता श्री बीपी बोरासी प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को विडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, इससे उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने कहा कि विभाग आपके साथ खड़ा हैं, जिससे मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का नाम देशभर में सम्मान के साथ लिया जाए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियर्स की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोक निर्माण से लोक कल्याण की यात्रा को मजबूती प्रदान करेगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी प्रशिक्षक अभियंताओं द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें प्रमुख रूप से व्हाइट टॉपिंग तकनीक, जो सड़कों की उम्र 15-20 साल तक बढ़ाकर रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है, तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक, जो पुरानी सड़क सामग्री के पुनः उपयोग से किफायती और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सुनिश्चित करती है, शामिल थीं। अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट से हल्की और मजबूत सड़कें व पुल बनाए जाते हैं, जबकि वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग सड़कों को अधिक टिकाऊ और प्रदूषण-मुक्त बनाने में सहायक होता है।लोक-कल्याण सरोवर योजना के तहत सड़क निर्माण से निकली मिट्टी का उपयोग जल संरक्षण के लिए किया जाता है, जिससे भूजल स्तर में सुधार होता है।

## सर्वोत्तम आचरण बने जिला सहकारी बैंक की पहचान- मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सर्वोत्तम आचरण जिला सहकारी बैंक की पहचान बने। उसके अच्छे कार्यों की मार्केटिंग की जाये। हर बैंक के कर्मचारियों की आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवाई जाये। उन्होंने कहा कि नवाचार और अच्छा काम करने के लिये बैंक के हर स्तर पर प्रतिस्पर्धा हो तथा साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी को सम्मानित भी किया जाये। मंत्री श्री सारंग शनिवार को समन्वय भवन में जिला सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों को अपनी साख के लिये काम करना होगा। उसमें पारदर्शिता लानी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि बैंक में डिपॉजिट पूरी तरह से सुरक्षित है। बैंक को वसूली आदि नियमित कार्य के साथ सुदृढ़ीकरण पर ध्यान



देना होगा। डिपॉजिट, टर्म लोन, सेफ लोन देने के मामलों काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि बैंक के कर्मचारियों का कार्य-व्यवहार, संवाद और बैंक का माहौल सकारात्मक हो। काम को चैलेन्ज के रूप में लें। कमजोर बैंकों को अच्छे पर लाने और अच्छे को कमजोर न होने की दिशा में काम कर आगे बढ़ना होगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि डिफाल्ट किसानों के बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाये ताकि वे लोन चुकाने के लिये उन्हें मोटिवेट कर सकें। कलेक्टर के साथ राजस्व अमले से भी संवाद स्थापित करे, जिससे कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन के जरिए सहकारी बैंक से सरकारी अमला भी जुड़ सकें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बैंक प्रोफेशनल एप्रोच के साथ काम करे। हरेक पेक्स 2-3 कर्मियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवाई जाये। उन्होंने कहा कि 2-3 माह में वसूली के प्रकरणों का निराकरण करे। इसके लिये लम्बी प्रक्रिया न हो, काम को स्पीड-अप करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कमजोर पेक्स के उन्नयन एवं उत्थान के लिये काम किया जाये। वर्गीकरण कर उसे मजबूत बनाया जाये। प्रत्येक पंचायत में पेक्स हो, नई पेक्स को बहुउद्देशीय बनाया जाये। सहकारिता से जुड़े विभागों का सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि नई सोसायटी के लिये फेडरेशन भी बनाया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकार सभा के माध्यम से कॉलेजों में सहकारिता को लेकर ओरिएंटेशन प्रोग्राम हो। बैंकों में 100 प्रतिशत ऑडिट हो, एक भी बैकलॉक नहीं रहे। हरेक बैंक के नवाचार एवं अच्छे कामों का प्रचार-प्रसार हो, इसके लिये वाहटसेप ग्रुप के माध्यम से सफलता की कहानी मुख्यालय पर प्रेषित की जाये, ताकि सोशल मीडिया जैसे माध्यम से लोग अवगत हो।

## बैरागढ़ में रेलवे सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के समग्र विकास को लेकर शनिवार को रेलवे सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। स्टेशन अधीक्षक एमए अंसारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सदस्य सुरेश जसवानी, अशोक मारण और आनंद सबधानी शामिल हुए। बैठक में सबसे प्रमुख मांग दोनों फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को रेलवे स्टेशन के बाहर तक विस्तारित करने की रखी गई, जिससे यात्रियों को स्टेशन के एक से दूसरे छोर तक आने-जाने में सुविधा होगी। सीनियर इंजीनियर मनोज कुमार ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन का व्यापक विकास किया जा रहा है। इलेक्ट्रिकल विभाग के सीनियर इंजीनियर एमएच परवेज ने स्टेशन पर चल रहे शेड विस्तार कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुले बिजली के तारों को कवर किया जा रहा है और नए पंखे लगाए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने 4 स्वर्ण सहितजीते 6 पदक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के साथ ही मध्यप्रदेश कुल 9 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ मैडल टैली में चौथे स्थान पर पहुँच गया है। शनिवार को जीते पदकों में वुशु में 3 स्वर्ण और 1 रजत, वेटलिफ्टिंग में 1 स्वर्ण और स्विमिंग में 1 रजत पदक शामिल हैं। मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने एक्स (ट्विटर) पर विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहाः मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का स्वर्णिम प्रदर्शन गर्व की बात है। सभी पदक विजेताओं को बधाई और आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएँ। मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह और संचालक खेल रवि कुमार गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएँ दीं।

मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। खिलाड़ियों की शानदार सफलता से प्रदेश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। वुशु (3 स्वर्ण, 1 रजत)ः ट्विंकल भंडारी सांशो महिला वर्ग),नम्रता बत्रा(52द्मद्द, सांशोमहिला वर्ग),गीतांजलि त्रिपाठी(56द्मद्द, सांशो महिला वर्ग) नेस्वर्ण पदक औरभुरक्षा दुबे महिला वर्ग)ने रजत पदक जीता। इस जीत के साथ वुशु में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल6 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीते हैं, जिससे प्रदेश इस खेल में सबसे आगे बना हुआ है।

वेटलिफ्टिंग (1 स्वर्ण)ः वलुरी अजय बाबू(81 पुरुष वर्ग) नेस्वर्ण पदक हालिस किया।अजय बाबू ने लगातार दूसरे नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इससे पहलेगोवा राष्ट्रीय खेलों में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। स्विमिंग (1 रजत)ः पलक शर्मा(3 मी. स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग) ने रजत पदक हासिल किया।मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूकीं, पर अब तक इस प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण और 1 रजत सहित 2 पदक जीत चुकी हैं। अगला इवेंटः1 मीटर स्प्रिंग बोर्ड का होगा। अन्य प्रमुख परिणामः शूटिंगः10 मी. राइफल मिक्स्ड टीम सिर्फ 1.2 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गई। बॉक्सिंगः पारस (म.प्र.) बनाम सचिन महतो (गुजरात) मध्यप्रदेश ने पहले राउंड में जीत दर्ज की। माही (म.प्र.)बनाम निकिता कुमारी (बिहार) मध्यप्रदेश ने पहले राउंड में ऋस्ष्ट से जीत दर्ज की। मंजू (म.प्र.)बनामपेमा बुटिया (सिक्किम) ङ्क मध्यप्रदेश ने दूसरे राउंड में ऋस्ष्ट से जीत दर्ज की।

## हिरदाराम इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की छात्राओं ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सराहनीय पहल की। संस्थान के सीएसआर क्लब के तहत बीबीए की छात्राओं ने संत हिरदाराम नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र %बाल विकास परियोजना% का दौरा किया। छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर अपने घरों से कपड़े, खिलौने, जूते और अन्य जरूरी सामान एकत्र किए। इन वस्तुओं को आंगनवाड़ी केंद्र में जरूरतमंद बच्चों और उनके अभिभावकों को वितरित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को समाज की वास्तविकता से रूबरू कराना और उन्हें वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम के दौरान मैनेजमेंट की छात्राओं ने समाज के उन पहलुओं को करीब से देखा और समझा, जो आमतौर पर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। इस अनुभव से उन्हें यह सीख मिली कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी समाज में सार्थक बदलाव लाया जा सकता है।

## हिंदू उत्सव समिति भोपाल की सदस्यता अवधि बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल ने सदस्यता कार्यक्रम की अवधि में बदलाव किया है। समिति के महामंत्री शरण खटीक ने बताया कि आजीवन सदस्यता की अवधि 5 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय शुक्रवार को श्री राम मंदिर गुरूबक्श की तलैया पर विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की मांग पर लिया गया। इन प्रतिनिधियों ने समिति के अध्यक्ष संतोष साहू से महाकुंभ और विवाह मुहूर्तों को देखते हुए यह आग्रह किया था। महामंत्री ने यह भी बताया कि पुराने सदस्यों के भी नए परिचय पत्र बनाए जा रहे हैं। इसके लिए 1 से 10 फरवरी तक फॉर्म उपलब्ध रहेंगे। पूर्व में बनाए गए आजीवन सदस्य परिचय पत्र में सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह सदस्यता का अंतिम अवसर होगा।कार्यक्रम में समिति के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष संतोष



साहू लखपति, नारायण सिंह कुशवाह, वरिष्ठ अधिवक्ता पीपी कोठारी, अरुण अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, कैलाश साहू, हेमंत कुशवाह, महेश सोनी बल्ला, खेमचंद राठौर और दिनेश सिंह ठाकुर सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर स्कूली बच्चों ने दिया संदेश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** विश्व आर्द्र भूमि दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भोपाल के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रकृति और जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। विश्व आर्द्र भूमि दिवस हर साल 2 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रकृति का संरक्षण, विशेष रूप से झीलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## जैन समाज भोपाल का पंचकल्याणक महोत्सव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के श्री शांतिनाथ जिनालय जैन नगर में शनिवार से पंचकल्याणक महोत्सव की शुरुआत हुई। महोत्सव की पूर्व संध्या पर मंगल गीतों के साथ हल्दी-मेहंदी और भगवान की मां की गोद भराई की रस्में निभाई गईं। वहीं आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि आदित्य सागर महाराज की लालघाटी चौराहे से अगवानी की गई।

मुनि संघ ने नंदीश्वर जिनालय में विराजमान जिन प्रतिमाओं की वंदना की। मुनि आदित्य सागर महाराज ने कहा कि स्वार्थ की अधिकता से रिश्ते टूटते हैं, लेकिन जब स्वार्थ से परमार्थ की सिद्धि हो, वही स्वार्थ कार्यकारी है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुभव सराफ और मीडिया प्रभारी अंशुल जैन ने बताया कि



शनिवार शाम 4 बजे विशेष कार्यक्रम होगा, जिसमें आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि प्रमाण सागर और मुनि आदित्य सागर महाराज का लालघाटी चौराहे पर महा वात्सल्य मिलन होगा। इससे पहले घट यात्रा, भूमि शुद्धि, पात्र शुद्धि और ध्वजारोहण की विधियां संपन्न होंगी।

मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल जैन ने महोत्सव के प्रमुख पात्रों की जानकारी दी। इनमें रेखा-शैलेष जैन (सोधर्म इंद्र), अलका-अरुण जैन (भगवान के माता-पिता), विद्युत अजय (ज्योतिष), सपन-विकास-अनुभव सराफ (शिखर निर्माण स्वर्ण कलश), संगीता पदम जैन (कुबेर), मेघा सुरेश जैन (महायज्ञनायक), और अन्य कई प्रमुख पात्र शामिल हैं। यह आयोजन जैन समाज की आस्था और संस्कृति का प्रतीक बनकर सामने आया है।

## सनातन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर स्थापित धर्म, महान परपरा के हम सभी वाहक : उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** हमारा सनातन धर्म, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर सृजित एवं स्थापित धर्म है। हमारे पूर्वजों ने अपने पुरुषार्थ से वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित की है। भारत की महान परम्परा के हम सभी वाहक हैं।

हम सभी को हीन भावना से बाहर आकर, स्वत्व के भाव की जागृति की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कही। मंत्री श्री परमार शुक्रवार को शुजालपुर में विधानसभा स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अटल कप सीजन -3 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री परमार




ने कहा कि खेल के मैदान से मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करने की आवश्यकता है।

खेल के मैदान से राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत होना चाहिए।उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री परमार ने कहा कि खेल भावना से समस्त टीमों ने इस प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाया है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ हम अपना बेहतर दें यह महत्वपूर्ण है, हार और जीत तो खेल का अंतिम परिणाम है। उन्होंने प्रतिभागी समस्त टीमों को और बेहतर प्रयास व परिश्रम के साथ प्रतियोगिता के अगले संस्करण की ट्रॉफी जीतने की तैयारी करने की बात कही। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत शाजापुर अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह सिसोदिया ने की। इस दौरान स्टेडियम की बाउंड्रीवाल सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर श्री अंबाराम कराड़ा, श्री अशोक नायक, श्री क्षितिज भट्ट, श्री विजय सिंह बैस, अध्यक्ष जनपद पंचायत शुजालपुर श्रीमती सीताबाई रामचंदर पाटोन्दिया,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शुजालपुर श्रीमती बबिता बेनीप्रसाद परमार एवं अध्यक्ष नगर परिषद अकोदिया श्रीमती रचना सचिन शर्मा सहित प्रतिभागी टीमों के सदस्य एवं खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# घर में घुसा ट्रक, नाबालिग लड़के की मौत

## ग्रामीणों ने चक्काजाम किया, कहा- स्पीड ब्रेकर बनाए जाए




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में बल्कर ट्रक घर में जा घुसा। हादसे में एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। साथ ही एक गाय भी मौत हुई है। घटना रविवार दोपहर तीन बजे मझौली के सिकरा गांव में हुई। जिसमें 16 साल के चंगू पिता सुभाष यादव की जान चली गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बल्कर इतनी तेज गति से आ रहा था कि चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वह सीधा घर में जा घुसा। घटना की जानकारी मिलते ही नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर भारी वाहन तेज गति से चलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाए और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

पुलिस ने केस दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दो युवतियों के साथ संदिग्ध हालात में युवक मिले

## शहडोल में स्थानीय लोगों ने पकड़ा, पुलिस ने दोनों को जेल भेजा



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के धनपुरी थानाक्षेत्र में सुभाष चौक के पास स्थानीय लोगों ने रविवार को दो युवतियों के साथ जा रहे दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में संदिग्ध मिलने पर लोगों ने दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक रात के अंधेर में युवतियों को ले जा रहे थे। आरोपियों की पहचान छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ स्थित लोको कालोनी वार्ड-1 के रहने वाले उस्मान अली (पिता अब्दुल सत्तार) और इमरान अली के रूप में हुई है।

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों युवकों के खिलाफ क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने और संगीन अपराध की आशंका के आधार पर कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि पूछताछ में पता चला कि युवतियां अपने पिता से मिलने धनपुरी आई थीं, इन्हीं के साथ दोनों युवक आए थे। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो ने कहा- संदिग्ध हालात में पकड़े गए दोनों युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

### बाणगंगा मेले से 16 वर्षीय नाबालिग लापता

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के सोहागपुर स्थित बाणगंगा मेले से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की लापता हो गई। गोहपारू थाना पुलिस लड़की को तलाश कर रही है। घटना 18 जनवरी की है। पिता उसे दोपहर 12:30 बजे बड़ी बहन के पास छोड़कर गए थे। इसके बाद वह बहन और उसकी सहेलियों के साथ दोपहर करीब 2 बजे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से बाणगंगा मेला देखने गईं।

## महाकुंभ में बिछड़े बुजुर्ग को यूपी पुलिस ने ढूंढा

### आधार कार्ड की मदद से 12 दिन बाद परिवार से मिलाया



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम स्नान के दौरान बिछड़े 70 वर्षीय जगदीश बारगाही को यूपी पुलिस ने उनके परिवार से मिला दिया। शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र के पकरिया गांव के रहने वाले जगदीश 26 जनवरी को अपने रिश्तेदारों के साथ संगम स्नान के लिए गए थे। भीड़ में वह अपने परिजनों से बिछड़ गए।

परिवार ने उनकी तलाश के लिए यूपी और एमपी पुलिस से मदद मांगी थी। जगदीश के बेटे दुर्गेश ने बुढार पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को एक यूपी पुलिस कर्मी से जगदीश की मुलाकात हुई। उन्होंने पुलिस को अपनी पूरी कहानी बताई और अपना आधार कार्ड दिखाया।

यूपी पुलिस ने आधार कार्ड में दर्ज पते के आधार पर उन्हें ट्रेन से उनके घर भेजने की व्यवस्था की। रविवार तड़के जगदीश के घर पहुंचने पर परिवार में खुशी का माहौल छा गया। जगदीश ने बताया कि स्नान के बाद भारी भीड़ में वह अपने परिजनों को ढूंढ नहीं पाए और परिजन भी उन्हें नहीं ढूंढ सके। यूपी पुलिस की इस मदद के लिए बुढार के लोग उनकी सराहना कर रहे हैं।

# डायल 100 से टकराई बाइक, चालक की मौत

## परिजनों ने थाने में रखा शव, 10 लाख मुआवजे की मांग, डीएसपी ने समझाया



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** जैतपुर थाना क्षेत्र में कर्चुल बांध के पास पुलिस की डायल 100 गाड़ी के पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। घटना में खुजमानिया निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों ने तत्काल घायल को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें शहडोल रेफर किया। वहां से उन्हें जबलपुर भेज दिया गया। जबलपुर में उनकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और मृतक का शव लेकर जैतपुर थाने पहुंच गए। परिजनों ने थाने में शव रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और परिवार के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय से डीएसपी मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को शांत कराया।

पुलिस के अनुसार, हादसे के समय डायल 100 की गाड़ी खाड़ा गांव में एक कार्यक्रम से वापस अपने पॉइंट की ओर लौट रही थी। यह घटना रात के समय हुई।

### पति ने भाई को पीटा, पुलिस ने हाथ जोड़कर बचाया

## सास-ससुर ने मिलकर किया हमला, बहन को मायके ले जाने आया था



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में पुलिस की मौजूदगी में एक महिला के भाई को उसके पति और ससुराल वालों ने पीटा दिया। घटना गठेवरा गांव की है, जहां 23 वर्षीय रोशनी यादव की शादी 5 साल पहले शिवम यादव से हुई थी। दंपती का एक 2 वर्षीय बेटा भी है। शनिवार सुबह 7 बजे शिवम नशे में धुत होकर घर आया। जब रोशनी ने शराब पीने से मना किया, तो उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। रोशनी ने अपने भाई बलवीर को फोन कर घटना की जानकारी दी। बलवीर अपने मौसेरे भाई शुभम के साथ सुबह 11 बजे डायल-100 पुलिस को साथ लेकर गठेवरा पहुंचा। जब बलवीर ने बहन को मायके ले जाने की बात कही, तो शिवम, उसके पिता जंगबहादुर और मां विमला ने मिलकर बलवीर पर हमला कर दिया।

**पुलिस ने बलवीर को बचाकर डायल-100 में बैठाया:** पुलिस ने बलवीर को बचाकर डायल-100 वाहन में बैठाया, लेकिन आरोपियों ने उसे वाहन से खींचकर फिर से पीटना शुरू कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पुलिस को आरोपियों के सामने हाथ जोड़कर बलवीर की जान बचानी पड़ी। पुलिस ने रोशनी और बलवीर को थाने ले जाकर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जबकि आरोपियों की तलाश जारी है

**पुलिस ने हाथ जोड़कर मुझे बचाया:** भाई बलवीर ने बताया कि बहन को लेने पुलिस के साथ गया था। जीजा और उसके पिता और मां ने हंड्रेड डायल से निकालकर पुलिस के सामने मारपीट की पुलिस ने हाथ जोड़कर मुझे बचाया है। जीजा शराब पीकर बहन के साथ मारपीट करता है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## व्यापारी से 1.20 करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### सात महीने से फरार था, सरकारी टेंडर का झांसा देकर की थी धोखाधड़ी



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल की बुढ़ार पुलिस ने सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर व्यापारी से 1.20 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को शहडोल के घरौला मोहल्ले से गिरफ्तार किया है। आरोपी मृत्युंजय पांडे सात महीने से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, बुढार के व्यापारी नीलेश जैन ने 20 जून 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी मृत्युंजय उर्फ विकास पांडेय और उसका भाई अच्युतानंद उर्फ पंकज पांडेय ने जेम पोर्टल पर सामग्री सप्लाई करने का झांसा देकर उनसे 1.20 करोड़ रुपए ठग लिए।

थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपियों ने शुरुआत में व्यापारी का विश्वास जीतने के लिए कुछ रकम लौटाई, लेकिन बाद में पैसे वापस नहीं किए। जब व्यापारी ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने 60 लाख रुपए के चेक दिए, जो बाउंस हो गए। शिकायत के बाद से आरोपी फरार था और अन्य राज्यों में जगह बदल-बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश देकर आखिरकार आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि मामले पर एक आरोपी को घरौला मोहल्ला से गिरफ्तार किया गया है और भी आरोपी इस मामले में बनाए गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# 1.5 किलो गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस ने इतवारी मोहल्ले में मारा छापा




**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल की कोतवाली पुलिस ने इतवारी मोहल्ले में की गई छापेमारी में अवैध गांजा तस्करी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 किलो 535 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि इतवारी मोहल्ले का रहने वाला सलीम उर्फ बादशाह अपने घर से गांजे की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की तो आरोपी के घर की बाड़ी से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी पुड़िया बनाकर स्थानीय लोगों को गांजा बेचता था।

पूछताछ में सलीम ने खुलासा किया कि उसने यह गांजा उमरिया जिले के शाहपुर निवासी विकास मिश्रा से खरीदा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विकास मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## शासकीय संजय गांधी स्मृति कॉलेज में ''वर्ल्ड वेटलैंड डे'' का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व आद्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टीनेंट (प्रो.) उमाकांत साहू द्वारा बताया गया कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस हर वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य आर्द्रभूमि के महत्व को बढ़ावा देना एवं लोगों को जागरूक करना एवं इससे प्राप्त होने वाले संसाधनों का संरक्षण करना जैसे जल भोजन और सामग्री आदि। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैडेट्स उपस्थित रहे।

# ढाबे पर चली लाठी-डंडे और कुर्सिया

## गाड़ी रोकने को लेकर शुरू हुआ विवाद, आठ लोगों पर एफआईआर



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के राजनगर बायपास ब्रिज के पास स्थित एक ढाबे पर रात करीब 10 दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और कुर्सियां चली। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बदमाश ढाबे में तोड़फोड़ करते हुए दिख रहे है।

सिटी कोतवाली पुलिस ने देर रात दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**पुराने विवाद को लेकर हुई झड़प:** थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि दोनों पक्षों के पास में ही ढाबे चलते है। इन लोगों में पुराना आपसी विवाद था। कल रात एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पीटने के लिए गाड़ी रोकने की कोशिश की।

जिसके बाद वह गाड़ी को ढाबे के बाहर रोक कर अंदर घूस गए। दूसरे पक्ष ने ढाबे में घूस कर तोड़फ़ोड़ शुरू कर दी। इस दौरान दोनों गुटों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट हुई। कुछ लोगों ने कुर्सियां भी चलाई।

**आठ के खिलाफ एफआईआर:** एक पक्ष से शंकर कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, जीवन कुशवाहा और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज हुई है। जबकि दूसरे पक्ष से गोविंद शिवहरे और नीरज शिवहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में पहले से विवाद चल रहा था।

एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## उत्साह पूर्वक मनाया गया वार्षिक उत्सव समारोह



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सुदर्शन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल आचार्य विनोबा भावे वार्ड-15 सतना का वार्षिकोत्सव समारोह सिद्धि विनायक मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ राज्य मंत्री नगरीय आवास एवं विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन माननीय प्रतिमा बागरी ने मुख्य अतिथि के पद को सुशोभित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा जी ने की टी.आई. कोलगवां थाना सुदीप सोनी, अध्यक्ष विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सतीश सुखेजा, जिला अध्यक्ष भाजपा माननीय भगवती प्रसाद पांडे, विनोद द्विवेदी जी विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विविध प्रस्तुतियों ने अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया राजस्थानी नृत्य, हॉरर एक्ट, गरबा डांस, भागवत गीता एक्ट, शिवाजी एक्ट, कव्वाली, एवं ओल्ड एज होम एक्ट,होली नृत्य कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा साथ ही विद्यालय ने अपने सफल छात्रों,मेधावी छात्रों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

## विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर होगा मैराथन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब सीधी के सहयोग से समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा जिसमें मैराथन आयोजन जिला अस्पताल से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहे से होते हुए सेन्ट्रल स्कूल से गांधी चौराहे तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

जिला चिकित्सालय सीधी एवं नगरपालिका क्षेत्र सीधी के आसपास के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग आफीसर्स, पैरामेडिकल स्टाफ ए.एन.एम., आशा/ऊषा सहयोगी, सुपरपाईजर्स व समस्त स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए अधिकारी/कर्मचारी को आदेशित किया गया है कि 04 फरवरी को प्रातः 08.00 बजे जिला चिकित्सालय प्रांगण में एकत्रित होकर उक्त मैराथन आयोजन को भव्य स्वरूप दिये जाने हेतु समस्त चिकित्सक/कर्मचारी अपने-अपने ड्रेस कोड में उपस्थित होंवे। उक्त दिवस को सुबह 10 बजे के बाद समस्त चिकित्सक/कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर पदीय दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

# अनूपपुर जिला जल अभावग्रस्त घोषित, बोरिंग और जल स्त्रोतों के उपयोग के लिए एसडीएम से लेनी होगी अनुमति



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर जिले में जल संकट को देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया है। यह निर्णय जिले की चारों तहसीलों अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ में कुओं और नलकूपों के जल स्तर में भारी गिरावट के कारण लिया गया है।

मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के तहत जारी आदेश के अनुसार, अब कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति नदी, जलाशय या किसी भी जल स्रोत का उपयोग सिंचाई या औद्योगिक कार्यों के लिए नहीं कर सकेगा। निजी नलकूप खनन के लिए भी कलेक्टर या अधिकृत अधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी।

कलेक्टर के आदेश में विशेष रूप से निर्देश दिया गया है कि नदी-नालों के नीचे भूमिगत जल बहाव को रोकने के लिए कलेक्टिंग पाइप या रेडियल कलेक्टर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

सिंचाई के लिए जल उपयोग की अनुमति केवल संबंधित ग्राम पंचायत, जल उपभोक्ता संस्था की अनुशंसा और जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर ही दी जाएगी।

जहां नदी-नालों में पानी नहीं बह रहा है या केवल रुका हुआ पानी है, वहां किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यह कदम आगामी ग्रीष्म ऋतु में पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, क्योंकि वर्तमान में जिले के पेयजल स्त्रोतों में आवश्यक जल क्षमता की तुलना में उपलब्ध जल क्षमता काफी कम है।

## बस ड्राइवर को अर्धनग्न कर पीटा

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में बस चालक के साथ युवकों ने मारपीट कर दी। शनिवार रात 8 बजे बड़ामलहरा से बिजावर की ओर जा रही नंदा बस को कृषि उपज मंडी के पास बाइक सवार दो युवकों ने रोका। चालक भागून राय से रंगदारी मांगी, जिसे देने से मना करने पर बस में घुसकर चालक के साथ क्रूरता की। आरोपी जीतेंद्र यादव और सुरेंद्र यादव, बिलगांय के रहने वाले हैं। आरोपियों ने चालक के कपड़े फाड़े और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान बस में बैठे यात्री मूक दर्शक बने रहे। घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दोनों आरोपी चालक को अर्धनग्न कर पीटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय 9वीं एवं 11वीं प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट एवं सीधी में 08 फरवरी को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10.30 बजे है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा में उपस्थित हों किसी तरह के सुधार हेतु 03 फरवरी तक जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में सम्पर्क कर सकते हैं।

# विचार

## अनेकता में एकता का प्रतीक महाकुंभ

इस साल दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय समागम का महाकुंभ पर्वोत्सव उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य त्रिवेणी के संगम पर 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। अनेकता में एकता का जीता-जागता प्रतीक पर्व है कुंभ मेला। लोक-पर्व होकर यह मेला सहस्त्र वर्षों से जन-विश्वास का आधार बना रहा है। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा यह महाकुंभ पर्व, भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणाओं का जीवन प्रतीक है। कुंभ पर्व, देश के समवेत सांस्कृतिक जीवन का व्यावहारिक उदाहरण है। इन्हीं पर्वों-मेलों ने हमारी भारतीयता ( राष्ट्रीयता ) को प्राणवान बनाए रखा है। हजारों वर्षों से चली आ रही कुंभ पर्व की इस सांस्कृतिक विरासत को हमारे देश के मनीषी चिन्तकों, पुराणकारों ऋषि-मुनियों, दार्शनिकों, धर्माधिकारियों अथवा साधु-सन्तों ने लोकांचलों में निवास करने वाले पठित-अपठित साधारण जनों तक पहुंचाया है। इस पर्व भावना के पीछे जीवंत आस्था और निष्ठा भाव ही कार्यशील रहा है। भारत भूमि का यह खंड यदि पवित्र और महत्वपूर्ण है तो इसलिए कि वह बाकी विश्व से जोड़ता है, इसलिए नहीं कि वह उसे दूसरों से अलग करके भूगोल की राष्ट्रीय सीमाओं में बांध देता है। विश्वासों की इन मर्यादाओं के परिवेश में ही एक मानव समूह की जीवन धारा, उसकी लय और लौ रूपायित होती है। यह उसकी सांस्कृतिक चेतना का मुख्य प्रेरणा स्त्रोत भी है। यह भावना भारत को या भारतीय सभ्यता को आधुनिक दुनिया के राष्ट्रों और राज्य-तंत्रों से अलग कर देती है। इसलिए हमारी संस्कृति सभ्यता को गुलामी के कालखंड से नष्ट करने की तमाम कोशिशों के बावजूद हम ज्यूं के त्यूं खड़े हुए हैं। कुंभ या महाकुंभ जैसे पर्वोत्सव मेलों से भी हमें यह शक्ति प्राप्त होती रही है। इस प्रकार शरीर रूपी घट में निहित अमृत तत्व की अनुभूति का विषय हो तो कुंभ-पर्व के रूप में अमृत पद प्राप्ति के लिए युग-युगों से भारतीय जन जीवन को आस्थाशील बनाए हुए है। कुंभ रूप इस लोक पर्व में भी 'मृत्यंर्मामूतं गमय' की कामना, मरणशील मानव के मन को उद्वेलित एवं प्रेरित करती रही है। वही प्रेरणा, अनादि स्त्रोत सलिला सरिताओं के तट की ओर, भारतीय मन को सदा से आर्ज़र्षित करती रही है। निष्कर्ष रूप में कहें तो कह सकते हैं कि इन कुंभ पर्वों ने भौगोलिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक एकता बनाए रखकर राष्ट्रीय जीवन संदर्भों के प्रति जातीय अस्मिता को जागृत करने में अहम भूमिका निभाई है।

# आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

**प्रह्लाद सबनानी**

**दिनांक 31 जनवरी 2025 को भारत सरकार की वि मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा लोक सभा में देश का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा। आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सभावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इसे देश के मुय आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वि मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है। लोक सभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है।**



हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में चल रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत के आर्थिक विकास पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, परंतु, चूंकि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच में रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई दी है और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि देश में अच्छे मानसून के चलते रबी की फसल के बहुत अच्छे स्तर पर रहने की सम्भावना है और इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर भी कम होगी, जिससे नागरिकों के हाथ में अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी। आज केवल खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर कुछ अधिक मात्रा में बनी हुई हुई है अन्यथा कोर महंगाई की दर तो पूर्व में ही नियंत्रण में आ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अर्द्धवार्षिकी में समग्र महंगाई की दर भी नियंत्रण में आ जाएगी। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। भारत आज अपने कच्चे तेल की कुल मांग का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें कम होंगी तो भारत में महंगाई भी कम होगी। विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। अतः विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भूमि, श्रम एवं पूंजी की लागत को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता है ताकि इन इकाईयों की उत्पादकता में सुधार हो सके एवं इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम हो सके। विनिर्माण क्षेत्र में कार्य कर रही इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है। सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है एवं इस क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अतुलनीय बनी हुई है।

भारत में वर्तमान में महाकुम्भ मेला चालू है। आज प्रतिदिन एक करोड़ के आसपास श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। रेल्वे द्वारा प्रतिदिन लगभग 3,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए कुछ आंकड़ों के अनुसार, महाकुम्भ मेले से उत्तरप्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यवसाय एवं 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय उत्तरप्रदेश सरकार को होने की सम्भावना है। रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। यह समस्त कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन, होटल व्यवसाय, छोटे छोटे उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज करने में सहायक हो रहे हैं बल्कि इससे देश के सेवा क्षेत्र में भी विकास दर तेज हो रही है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी अधिक होगी उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अधिक रहेगी क्योंकि विभिन्न उत्पादों को खरीदने के लिए अर्थव्यवस्था में मांग तो इसी वर्ग के माध्यम से उत्पन्न होती है। अतः देश में प्रयास किए जाने चाहिए कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अधिक राशि उपलब्ध रहे। भारत में हालांकि समावेशी विकास हुआ है क्योंकि गरीबों की संख्या में तेजी से एवं भारी मात्रा में कमी दर्ज हुई है। परंतु, गरीबी रेखा से हाल ही में ऊपर आकर मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी शामिल हुए परिवार कहीं फिर से गरीबी रेखा के नीचे नहीं चले जायें, इस सम्बंध में भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों में हो रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात में उतनी वृद्धि दर्ज नहीं हो पा रही है जितनी आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखने के लिए होनी चाहिए। इससे विदेशी व्यापार घाटा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि विदेशी निवेश में आ रही कमी को अस्थायी समस्या बताया गया है और विभिन्न देशों में स्थितियों के सुधरने एवं अमेरिका में आर्थिक नीतियों के स्थिर होने के साथ ही, भारत में विदेशी निवेश पुनः बढ़ने लगेगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। वृद्धि दर में गिरावट के मुख्य कारणों में शामिल हैं देश में लोक सभा एवं कुछ राज्यों में विधान सभा चुनाव होने के चलते आचार संहिता लागू की गई थी, इससे केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों को अपने पूंजीगत खर्चों को रोकना पड़ा था। नवम्बर 2024 तक केंद्र सरकार द्वारा केवल 5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चे किये जा सके हैं, जबकि औसतन 90,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च प्रति माह होने चाहिए थे। क्योंकि, पूंजीगत खर्चों के लिए पूरे वर्ष भर का बजट 11.11 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित हुआ था। अब सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल 9 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च ही हो सकते हैं। विभिन्न कम्पनियों द्वारा अदा किए जाने वाले कर में भी कमी दिखाई दी है और कुछ कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिन जिन कम्पनियों की लाभप्रदता बहुत अच्छे स्तर पर बनी हुई है, इन कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि केंद्र सरकार के साथ साथ वे भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि देश में नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो और विभिन्न उत्पादों की आपूर्ति बढ़े, रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हों और महंगाई पर नियंत्रण बना रहे। विशेष रूप से देश में आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करने में निजी कम्पनियों द्वारा अपनी भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में कमी करने के सम्बंध में भी अब गम्भीरता से विचार करना चाहिए ताकि विनिर्माण इकाईयों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम की जा सके और वैसे भी अब मुद्रा स्फीति तो नियंत्रण में आ ही चुकी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में मुद्रा बाजार में 1.5 लाख करोड़ रुपए की राशि से तरलता को बढ़ाया ही है, इससे बैकों द्वारा विभिन्न कम्पनियों, कृषकों एवं व्यापारियों को ऋण प्रदान करने में आसानी होगी।

आर्थिक सर्वेक्षण में यह भी बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 273 लाख करोड़ रुपए का रहा है जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 295 लाख करोड़ रुपए का हो गया, अब वित्तीय वर्ष 20224-25 में 324 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 357 लाख करोड़ रुपए का रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस प्रकार सम्भव है कि भारत आगामी 2/3 वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी प्रकार बजट घाटा जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6.4 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5.6 प्रतिशत का रहा था वह अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 4.8 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा देश की वित्तीय स्थिति को लगातार मजबूत बनाए रखने के प्रयास सफल रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में कुल आय 34.3 लाख करोड़ रुपए एवं कुल व्यय 50.3 लाख करोड़ रुपए रहने की सम्भावना है, इससे बजट घाटा 16 लाख करोड़ रुपए का रह सकता है।

# लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

**उमेश चतुर्वेदी**

बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।

वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार



रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### अद्भुत बजट



यह वास्तव में अद्भुत बजट है और इसके व्यापक दीर्घकालिक प्रभाव हैं। बजट से मध्यम वर्गीय परिवारों को निश्चित रूप से लाभ होगा और हम आर्थिक रूप से बहुत मजबूत देश की ओर बढ़ रहे हैं... माननीय प्रधान मंत्री की सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय है।

**-अतुल कुरलेकर**

# डाक विभाग ने 100 करोड़ का कारोबार किया

## पीएसआई के क्षेत्र में एक दिन में व्यवसाय कर इतिहास रचा, पूरे देश में पहला स्थान मिला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर डाक विभाग ने एक ही दिन में 100 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बिलासपुर संभाग को पूरे देश में पहला स्थान मिला है। 140 सालों के इतिहास में पहली बार किसी संभाग ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

यह उपलब्धि पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस के 141वें स्थापना दिवस पर हासिल की गई। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल और अधीक्षक डाकघर विनय प्रसाद के मार्गदर्शन में यह कीर्तिमान स्थापित किया गया।



**1884 में हुई थी पीएलआई की शुरुआत:** बता दें कि पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस ( पीएलआई) की शुरुआत 1 फरवरी 1884 को डाक विभाग के कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के लिए की गई थी।

**अधिक बोनस की सुविधा देती है:** स्वतंत्रता के बाद इस योजना का विस्तार किया गया और अब यह सभी स्नातक नागरिकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना कम प्रीमियम और अधिक बोनस के साथ जनकल्याणकारी बीमा सुविधा प्रदान करती है।

**140 सालों में पहली बार इतना बड़ा कारोबार:** 140 सालों के इतिहास में पहली बार किसी संभाग ने एक दिन में इतनी बड़ी राशि का व्यवसाय किया है, जो बिलासपुर संभाग की कार्यकुशलता और लोगों के बीच इस योजना की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

# जेल में बंदी का पैर तोड़ा

## परिजनों का आरोप- पैसे नहीं देने पर जेल प्रहरियों ने पीटा, जेल प्रबंधन जवाब देने से बच रहा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** राजधानी के सेंट्रल जेल में एक बंदी से मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार एनडीपीएस के आरोप में सजा काट रहे आरोपी के साथ जेल के प्रहरी ने मारपीट की है। जेल में एनडीपीएस मामले में बंदी पीयूष पांडे से मारपीट की गई है।

बंदी के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने बताया कि उनका बेटा पिछले 18 माह से रायपुर की जेल में बंद है। शुक्रवार को उसका जन्मदिन था। उसकी मां उससे मिलने गई थी। इस दौरान 10 मिनट ज्यादा मिल लिया तो जेल में तैनात प्रहरियों ने उनसे 10 हजार रुपये की मांग की। जब पैसा उन्हें नहीं मिला तो जेल प्रहरी बंदी को मारने लगे।

**पिता का आरोप- पैर तोड़ा:** बंदी पीयूष पांडे के पिता पुरुषोत्तम पांडे ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को पैसा नहीं देने के लिए टार्चर किया गया है। मारपीट करके उसका पैर तोड़ दिया गया है। और उसके घुटना भी टूट गया है। जेल प्रशासन से जब जानकारी मांगी जा रही है तो वे कुछ नहीं कह रही है। इसलिए, हमारी मांग है कि जेल प्रहरियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**एसपी से करेंगे शिकायत:** पुरुषोत्तम पांडे के पिता ने कहा कि वे अभी रायपुर से बाहर हैं, वे जैसे ही रायपुर आएंगे तो एसपी से इस मामले की शिकायत करेंगे। वहीं परिजनों का कहना है कि वे इस मामले में कोर्ट भी जाएंगे। परिजनों ने कहा कि जेल के अंदर उनके बेटे को जान का खतरा है। इस मामले में जब हमने जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया तो उन्होंने कॉल नहीं उठाया।

**इससे पहले भी जेल कर्मियों पर लगे हैं आरोप:** जेल में पदस्थ अफसरों और कर्मचारियों पर आरोप लगने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया जेल प्रहरियों पर मारपीट करने का आरोप लगा चुका है। हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया का फरवरी 2024 में वीडियो वायरल हुआ था। इसमें हिस्ट्रीशीटर ने जेलकर्मी पर 50 हजार रुपये मांगने और पैसे नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया था।

वायरल वीडियो के बाद रायपुर जेल डीजी और रायपुर एसएसपी ने जेल में दबिश दी थी। जांच के दौरान अफसरों की टीम ने महिला और पुरुष सेल में अलग-अलग जाकर तीन घंटे तक जांच की थी। इस दौरान तीन खाली पेन ड्राइव, गुटखा और तंबाकू जब्त किया गया था। जांच के बाद जेल के प्रहरियों और अफसरों का तबादला भी किया गया था।

## छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक ने की जिला स्तरीय बैठक

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वार नगरी निकाय निर्वाचन 2025 के व्यय मॉनिटरिंग हेतु जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए सुषमा ठाकुर को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले के अंतर्गत नगर पालिक निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत खोगापानी, नगर पंचायत नई लेदारी, नगर पंचायत झागराखंड, नगर पंचायत जनकपुर के अध्यक्ष पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों का व्यय लेखा संधारण के संबंध में व्यय नोडल एवं व्यय संपरिक्षकों की दिनांक 2 फरवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नगरी निकाय निर्वाचन 2025 हेतु विभिन्न नगर निगम,नगर पालिका परिषद,नगर पंचायत के महापौर / अध्यक्षों के द्वारा निर्वाचन प्रचार प्रसार किया जाने वाले व्यय का लेखा संधारण हेतु जिला स्तर पर व्यय निगरानी समिति बनाई गई है।व्यय प्रेक्षक द्वारा महापौर/ अध्यक्षों हेतु निधारित व्यय सीमा प्रचार प्रसार के दरों की सूची व्यय लेखा संधारण हेतु प्रारूप के संबंध में निगरानी समिति को विस्तृत जानकारी दी गई।

# हाथ काटते मिले गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड, फ्लैट में प्रेमियों के साथ 3 और लड़कियां भी पकड़ाई, हुक्का-गांजे के साथ 32 लोग हिरासत में

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में रविवार सुबह 4 बजे 200 पुलिसकर्मियों ने तालपुरी परिजात कॉलोनी में छापेमारी की। इस दौरान फ्लैट में प्रेमी जोड़ा मिला, जो नशे की हालत में ब्लेड से अपने हाथ काट रहे थे। इनके साथ ही 32 लोग हिरासत में लिए गए हैं, इनमें कुल 4 लड़कियां भी शामिल हैं। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को जो हाथ काटते मिले उनमें साहिल कामले (22) निवासी हाउसिंग-बोर्ड जामुल और मेनका साहू (21) निवासी घासीदास नगर भिलाई के रहने वाले हैं। हालांकि इनका कहना है कि वह शादी कर लिए हैंस लेकिन पुलिस का कहना है कि नशीली गोली या इंजेक्शन से ऐसी हालत होती है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामला :** दरअसल, तालपुरी परिजात कॉलोनी बीपीएल कार्डधारियों के लिए बनाई गई है, लेकिन जिनको अलॉट किया गया है,





वह लोग दूसरों को किराए पर दे दिए हैं। कॉलोनी वाले नशे और हुल्लड़बाजी को लेकर लगातार शिकायत कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की।

पुलिस की 6 अलग-अलग टीमों ने सभी संदिग्ध फ्लैटों के दरवाजे खटखटाए और जांच की। इस दौरान लोग गांजा और हुक्का पीते मिले। पुलिस ने 2 हजार फ्लैट की चेकिंग की। ये लोग शाम ढलते ही कॉलोनी में शराब और दूसरे तरह के नशे में डूबे रहते हैं।

**2000 फ्लैट में सिर्फ, 350 का वेरिफिकेशन:** परिजात कॉलोनी सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना है कि, उन्होंने कॉलोनी को सुरक्षित बनाने के लिए यहां दोनों एंट्री में गेट लगा दिया है। यहां 2000 फ्लैट बीपीएल वालों के लिए बनाए गए हैं। इसमें से केवल 350 लोगों ने ही अपना रजिस्ट्रेशन सोसायटी में कराया है।

बाकी लोग रजिस्ट्रेशन और पुलिस वेरिफिकेशन के लिए भी सामने नहीं आ रहे हैं। कॉलोनी के लोग पुलिस की कार्रवाई से खुश दिखे। उन्होंने कहा कि, पुलिस ने पिछले महीने भी यहां रेड की कार्रवाई की थी। इससे कॉलोनी में लड़ाई झगड़े और नशे की गतिविधियां कम हुई हैं।

**32 लोग हिरासत में, बॉयफ्रेंड के साथ पकड़ाई लड़कियां:** दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ये लोग रात में नशे की हालत में आपस में मारपीट और गाली गलौज करते हैं, जिससे कॉलोनी के लोग परेशान थे। अलग-अलग फ्लैट में रह रहे 32 लोगों को हिरासत में लिया है।

इसमें 4 लड़कियां शामिल थीं। चारों लड़कियां अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ नशे जैसी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाई गईं हैं। इसके साथ लड़कों के पास से चाकू और चोरी की बाइक जब्त की गई। सभी फ्लैट्स मालिकों को किरायेदारों से वेरिफिकेशन कराने को कहा गया है।

**200 से अधिक बल और अधिकारी रहे मौजूद:** इस कार्रवाई में एसएसपी अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश, सीएसपी हरीश पाटिल, डीएसपी हेम प्रकाश नायक, थाना प्रभारियों में कपिल देव पांडेय, राजेश मिश्रा, केशव कोसले, प्रशांत मिश्रा, महेश ध्रुव, आईपीएस राहुल बंसल, एसआई चेतन चंद्राकर, गुरविंदर सिंह संधू और अमित अदानी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कलेक्टर अवनीश शरण ने बैठक ली

## मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं जांचने के दिए निर्देश, बोले- चुनाव की सफलता में सेक्टर अधिकारी जिम्मेदार होंगे



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने शनिवार को सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। आगामी 10 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए उन्होंने चुनाव प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तत्काल रिपोर्टिंग पर विशेष जोर दिया।

**जिला कार्यालय में चला मंथन:** जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चुनाव की सफलता में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अहम होती है और वे चुनाव की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक पूरी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार हैं।

**अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां:** प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों को चुनाव से जुड़ी समस्त जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। इसमें मतदान पूर्व की तैयारियां, मतदान दिवस के कर्तव्य, और ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण शामिल था।

**श्वङ्करू का लाइव डेमो दिखाया गया:** ईवीएम का लाइव डेमो देकर मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्विघ्न और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दांत से काटा पिता का कान, कटकर झूलने लगा आधा

## 200 रुपये नहीं दिए तो लात-घूसों से मारा, बेटे के खिलाफ एफआईआर

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 200 रुपये नहीं देने पर बेटे ने अपने ही पिता के कान को दांतों से काट लिया। साथ ही, मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी देने लगा। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक सोनिया नगर सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पास रहने वाला जगदीश गोरख (56 साल) ऑटो चलाता है। शनिवार की रात करीब साढ़े 8 बजे वह बाजार से घर पहुंचा। तभी उसका सबसे छोटा बेटा श्याम गोरख किसी काम से 200 रुपये मांगने लगा। तब जगदीश ने बताया




कि उसके पास पैसे नहीं है।

ऐसे में श्याम गोरख रुपसे नहीं देने पर अपने पिता को गाली-गलौज करते हुए दूसरे कमरे में चला गया। कुछ देर बाद श्याम फिर से वापस आया और रुपये नहीं देने की बात पर जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूसों से अपने पिता के साथ मारपीट करने लगा।

**कान कट कर झूलने लगा:** मारपीट से जगदीश ने अपना बचाव किया, तो दाहिने कान को दांत से काट दिया। इससे कान आधा कटकर नीचे झूलने लगा और काफी खून निकलने गला।

जिसे देखकर उसकी पत्नी उर्मिला गोरख और मंझला बेटा अर्जुन बीच-बचाव करने लगे और तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए।

**पिता ने बेटे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट:** मारपीट की घटना से जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के बाद जगदीश कोतवाली थाना पहुंचा और अपने बेटे श्याम गोरख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गई महिला अपनी बच्ची के साथ राउरकेला रेलवे स्टेशन पर छोड़ा, 7 माह बाद तमिलनाडु से गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, जशपुर (एजेंसी)।** जशपुर में एक महिला नाबालिग लड़की को काम दिलाने के बहाने अपने साथ ले गई और उसे अपनी 6 माह की बच्ची के साथ ओडिशा के राउरकेला रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया था। घटना जून 2024 की है।

पुलिस ने आरोपी महिला पुष्पा सुरेन (22) को रविवार को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। मामला जिले के आस्ता थाना क्षेत्र का है। दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

**जून 2024 में गायब हुई थी नाबालिग:** एसएसपी शशि मोहन सिंह के मुताबिक, 12 जून 2024 को पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 जून 2024 को जब वह मजदूरी से घर लौटी, तो उसकी 14 साल की बेटी घर पर नहीं मिली।

छोटी बेटी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली पुष्पा सुरेन (आरोपी महिला) उसकी बहन को अपने साथ ले गई है। पुलिस ने तत्काल धारा 363 (अपहरण करने पर सजा) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**लावारिस हालत में मिली बच्ची:** 18 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि राउरकेला रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग लड़की और 6 माह की बच्ची लावारिस हालत में मिली हैं। रेलवे पुलिस ने दोनों को सुरक्षित कब्जे में लेकर जशपुर पुलिस से संपर्क किया।

**7 महीने बाद आरोपी महिला पकड़ाई:** जशपुर पुलिस की टीम तुरंत राउरकेला पहुंची और दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 7 महीने बाद आरोपी महिला पुष्पा सुरेन को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जंगल में जुआ खेलते 11 आरोपी पकड़े गए, 12.39 लाख का माल और 23 बाइक जब्त

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में रतनपुर पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोरबी के जंगल में सभी आरोपी जुआ खेल रहे थे। इस दौरान 89 हजार रुपए नकद, 23 मोटरसाइकिल और 11 मोबाइल फोन जब्त किए गए। जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत 12 लाख 39 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस की



कार्रवाई के दौरान करीब 12 जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन उनकी मोटरसाइकिलें पुलिस ने जब्त कर लीं।

**एसडीओपी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई:** पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जंगल में जुआरियों की महफिल जमी हुई है। इस सूचना पर कोटा एसडीओपी नुपूर उपाध्याय के नेतृत्व में टीआई नरेश चौहान की टीम ने छापेमारी की। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज:** पकड़े गए आरोपियों में पाली, जटगा, कटघोरा और रतनपुर के लोग शामिल हैं। इनमें लच्छीराम यादव, सतीष शर्मा, मनोज कुमार कोल, विनोद प्रजापति, मन्नू केंवट, कुलदीप भोई, नैनसिंह गोंड़, मनोज श्रीवास्तव, अजय दास, सुदर्शन ताम्रकार और मोहम्मद नाजिद शामिल हैं।

# बीजेपी नेता का भाई खिलवा रहा था जुआ

## पुलिस ने की मारी रेड, जब्त किया 1,72 लाख रुपए, 11 गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** जामुल पुलिस ने शनिवार शाम नवातरिया जामुल के पास जुआ की फड़ पर छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस ने जिस जुए की फड़ को पड़का है वो फड़ भाजपा के बड़े नेता का चचेरा भाई चलवा रहा था। उसने अपनी पहुंच की धौंस पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने वहां से 11 लोगों को गिरफ्तार कर 1 लाख 72 हजार 230 रुपए व ताशपत्ती जब्त किया है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि जामुल थाना क्षेत्र के नवातरिया क्षेत्र में एक युवक जुए की फड़ चलवाता है। वहां कई लोग भिलाई वा आसपास से आकर बड़े बड़े दांव लगाते हैं। पुलिस ने कार्रवाई करने के



लिए मुखबिर को अलर्ट किया।

मुखबिर से उन्हें शनिवार शाम 5 बजे सूचना मिली की नवातरिया में जुआ का खेल खेला जा रहा है। इस पर सीएसपी ने जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय के साथ थाने का पूरा बल लेकर वहां छापा मार दिया। जब पुलिस ने वहां छेपामारी की तो कई लोग जुआ का दाव लगा रहे थे। पुलिस ने यहां से 11 लगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर इनके पास 1.72 लाख रुपए और 10 मोबाइल फोन जब्त किया है।

**भाजपा नेता का भाई केशव ठाकुर चलवा रहा था फड़:** जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि जुए की फड़ वहीं का निवासी और भाजपा नेता का भाई केशव सिंह ठाकुर चलवा रहा था। केशव सिंह ठाकुर आदतन जुआरी है। वो काफी समय से जुआ की फड़ चलाता आ रहा है। बताया जा रहा है कि जब पुलिस ने रेड की तो उसने अपने भाई का नाम लेते हुए पहुंच की धौंस दिखाई, लेकिन पुलिस ने बिना किसी दबाव को उसे भी गिरफ्तार कर सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**ये आरोपी जुआ खेलते गिरफ्तार:** पुलिस ने जुआ खेलते हुए जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उसमें जितेंद्र साहनी, होलेश्वर साहू, रूपेश कुमार, मोहित साहू, केशव सिंह ठाकुर, मिथलेश कुमार, राजू यादव, पिंटू निषाद, रामा बघेल, जन्मेजय कुमार व विनय सिंह को गिरफ्तार किया है।

## एक साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही:** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही पुलिस ने वर्ष 2023 में सिवनी गांव में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। योगेश्वर शर्मा उर्फ चंद्रशेखर (45) नाम का यह आरोपी पुलिस से बचने के लिए अनोखी रणनीति अपना रहा था। आरोपी ने अपनी सुरक्षा के लिए कुत्ते पाल रखे थे, जो किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर उसे सतर्क कर देते थे। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की सीमा पर रहकर वह आसानी से एक राज्य से दूसरे में भाग जाता था। इस दौरान वह मृतक के परिवार को भी धमकियां दे रहा था, ताकि वे पुलिस से उसकी जानकारी न दे सकें।

**मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा:** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन में चल रहे फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

# बारसूर में डैनेक्स फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## लाखों की मशीन और कपड़े जले, शॉर्ट सर्किट या फिर किसी की बदमाशी, जांच में जुटी पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, दंतेवाड़ा(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा जिले के बारसूर में स्थित डैनेक्स नवा गारमेंट फैक्ट्री में रविवार को भीषण आग लग गई। इस घटना से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है या फिर इसके पीछे किसी की बदमाशी है, फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस की सरकार के दौरान नक्सलगढ़ के युवाओं को रोजगार देने के लिए डैनेक्स नवा गारमेंट फैक्ट्री खोली गई थी। यहां अंदरूनी इलाके के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार दिया गया था। कांग्रेस गवर्नमेंट के समय खुली इस फैक्ट्री में जो कपड़े सिले जाते थे उन कपड़ों को देश के अलग-अलग बाजारों में भेजा जाता था।

**लाखों का सामान जलकर खाक:** वहीं आज रविवार की सुबह इस फैक्ट्री से धू-धू कर धुआं उठने लगा। इसके बाद आस-पास में मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम को भी जानकारी दी गई। वहीं कुछ घंटे के अंदर ही फायर ब्रिगेड ने आग पर तो काबू पा लिया लेकिन अंदर रखा लाखों का सामान पूरी तरह से जल गया।

सिलाई मशीन, कपड़े और कंप्यूटर पूरी तरह से जल चुके हैं। दंतेवाड़ा के एएसपी आरके बर्मन ने कहा कि, प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगना पाया गया है। फिर भी इस मामले की जांच की जा रही है।

## 10 राज्यों में कोहरा, राजस्थान में आज से बारिश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के 14 राज्यों में रविवार को कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में मौसम एक बार फिर बदला है। हल्के बादल छाए और धूप कम रही। इससे दिन के तापमान में गिरावट हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार से हल्की बारिश हो सकती है। उधर मध्य प्रदेश अब सुबह और रात में ही ठंड का असर रहेगा, जबकि दिन में धूप रहेगी। फरवरी के पहले दिन ऐसा ही मौसम रहा। मंडला, मलाजखंड, खंडवा और खरगोन में तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर में फिर से बर्फबारी शुरू हो गई। लद्दाख के कुछ इलाकों में भी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। अगले पांच दिनों में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान समेत सभी नॉर्थ-वेस्ट राज्यों में 2 से 3 डिग्री का तापमान बढ़ सकता है। विभाग ने दिल्ली में रविवार को कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। वहीं, अधिकतम और न्यूनतम तापमान 24 और 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी मौतें

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमयी मौतों की जांच के लिए एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ की टीमें शनिवार को जीएमसी राजौरी पहुंचीं। टीमों ने 11 मरीजों से बात कर उनकी क्लीनिकल हिस्ट्री निकाली। टीम ने मरीजों के परिजन और गांव वालों से भी बात की। दिल्ली एम्स के 5 डॉक्टर्स की टीम आज भी बधाल गांव का दौरा करेगी। टीम जिन 3 परिवारों में मौतें हुई हैं, उनके सील किए घरों और आसपास के इलाकों से सैंपल लेंगी। दिल्ली एम्स की टीम में टॉक्सिकोलॉजी (जहर विज्ञान) एक्सपर्ट भी शामिल हैं। एम्स के डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता वाली टीम में क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. ए शरीफ, एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र कुमार, इमरजेंसी मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. जमाहद नायर, पीडियाट्रिक्स के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. जगदीश प्रसाद मीना, क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जावेद कादरी शामिल हैं।

## मणिपुर के टेंग्नौपाल में 25 एकड़ में फैली अफीम की अवैध खेती नष्ट की गई

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले में खुदेई खुल्लेन पहाड़ी इलाक में 25 एकड़ से ज्यादा में फैली अवैध अफीम की खेती को रविवार को नष्ट किया गया। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस, बीएसएफ, वन विभाग ने ये एक्शन लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में केस भी दर्ज किया गया है।

# दिल्ली में मोदी बोले- झाड़ू के तिनके बिखरे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली पहुंचे। पीएम ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। पीएम ने रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए।

1. आप-दा सरकार पर इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को दूर करने के लिए खप जाऊंगा।

2. डबल इंजन सरकार पर गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने के बजाय



दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। आपने आने वाले 5 साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है। अब गलती से भी यहां आपदा सरकार नहीं आनी चाहिए।

3. आम बजट पर इस साल के बजट के बारे में आपने कल सुना होगा, आज के अखबार तो भरे पड़े हैं। कारण है कल का बजट जनता का बजट है। उनकी आकांक्षाओं का बजट आया है।

पहले की स्थिति होती तो यह बढ़ती हुई कमाई घोटाले की भेंट चढ़ जाती। आपकी कमाई कुछ लोगों ने हड़प ली होगी, लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार ये पैसा देश की भलाई के लिए लगा रही है।

# महाकुंभ में गाड़ियों की एंट्री बंद

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ का आज 21वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 97 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। निगरानी के लिए हेलिकॉप्टर तैनात किया गया है।

आज से 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को अपने वाहन



शहर के बाहर पार्किंग में खड़े करने होंगे। पार्किंग से वे शटल बस से या पैदल घाटों तक पहुंच सकेंगे। बड़े और छोटे वाहनों की पार्किंग अलग कर दी गई है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। एक साइड से श्रद्धालु आएंगे तो दूसरी साइड से निकासी होगी। श्रद्धालुओं से भरी ये रोड परेड ग्राउंड सेक्टर-2 की है। श्रद्धालु मेले से प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन के लिए लौट रहे हैं। श्रद्धालुओं से भरी ये रोड परेड ग्राउंड सेक्टर-2 की है। श्रद्धालु मेले से प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन के लिए लौट रहे हैं। महाकुंभ भगदड़ को लेकर अफवाह फैलाने के लिए फर्जी दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। पुलिस ने इन वीडियो की जांच की तो दोनों वीडियो फर्जी निकले।

## केजरीवाल बोले- कुंभकरण 6 महीने में नींद से जाग जाता था, लेकिन चुनाव आयोग जागता ही नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग की तुलना कुंभकरण से की है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, रामायण में लिखा है कि कुंभकरण 6 महीने सोता था, और फिर 6 महीने जागता था। चुनाव आयोग तो शायद जागता ही नहीं है। उनकी ये टिप्पणी आप की प्रचार वैन पर हुए हमले पर आई। दरअसल, रविवार दोपहर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आप की प्रचार वैन पर कुछ लोगों ने हमला किया। इसके बाद आप ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया।ुक्तने हमले का वीडियो भी जारी किया आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने दावा किया कि इस वीडियो



में हमला करने वाले दो लोगों का नाम रोहित त्यागी और शैंकी हैं, ये वही हैं जिन्होंने 18 जनवरी को अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला किया था। आप नेता जैसमीन शाह ने कहा- वीडियो में साफ देख सकते हैं कि भाजपा के गुंडों ने पुलिस की मौजूदगी में हमला किया।

## शंभू और खनौरी मोर्चे को मीटिंग के लिए भेजा न्योता

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** संयुक्त किसान मोर्चा (स्यरू) की आज 2 फरवरी को मोहाली में एक अहम मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद किसान नेता हरिंदर सिंह लखोवाल व रमिंदर पटियाला ने प्रेस कांफ्रेंस में कि बताया शंभू और खनौरी मोर्चे को एकता मीटिंग के लिए 12 फरवरी का न्योता दिया गया है, लेकिन अभी तक वहां से कोई जवाब नहीं आया है। दूसरे किसानों ने तय कि 9 फरवरी को केंद्र द्वारा जारी की गई कृषि मार्केटिंग पॉलिसी ड्रॉफ्ट के खिलाफ देश के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को मांग पत्र सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने भी वायदा किया था कि कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को रद्द किया जाएगा, लेकिन यह बात बयानों से आगे नहीं बढ़ पाई है।

उन्होंने कहा कि, हमने सरकार से मांग की है कि विधानसभा का सेशन बुलाकर इसे इसे रद्द किया जाए। ऐसे में हमने 15 तारीख को चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में मीटिंग बुलाई है। वहीं, पांच तारीख को देश के सभी राज्यों की राजधानियों में मोर्चे लगेंगे। इसमें अगले संघर्ष की रणनीति तैयार की जाएगी।

वहीं, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन जारी है।

## प्रियंका बोली- केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार मे लगाए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने दिल्ली में चुनावी रैलियां की। प्रियंका ने कहा कि केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार मे लगाए। जब केजरीवाल ने इतने लगाए तो मोदी जी ने तो हजारों करोड़ लगाए होंगे। वहीं, राहुल गांधी ने कहा- भाजपा सरकार के बजट का लक्ष्य 25 लोगों को लाभ



पहुंचाना है। वे आपको थोड़ा देंगे, थोड़ा टैक्स माफ करेंगे, लेकिन अगर आप बजट का लक्ष्य देखें तो, भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों को देना है। प्रियंका गांधी ने चांदनी चौक और राहुल ने सदर बाजार में चुनावी रैलियां की हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। आप लोग दिखावे पर मत जाओ, टीवी के विज्ञापन पर न जाओ। ये लोग अपना स्वार्थ साध रहे हैं, आप भी अपना स्वार्थ देखो।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कार की टक्कर से 5 लोग घायल

**मुंबई ( एजेंसी )।** रविवार सुबह मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक मर्सिडीज कार ने दो विदेशियों समेत पांच लोगों को टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। यह हादसा टर्मिनल 2 की पार्किंग में हुआ। लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया गया है। घायलों में दो विदेशी नागरिकों को नानावटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एयरपोर्ट के तीन क्रू मेंबर भी घायल हैं, जिनका कूपर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चला रहे परशुराम चिंचोलप्पा दादानवरे को लेकर दावा किया है कि ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर दबाया था, जिससे हादसा हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने बताया कि घटना के समय चालक शराब या नशा नहीं किया था। ड्राइवर यात्री को उतारने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। उसने गलती से ब्रेक की जगह एक्सीलेरेटर दबा दिया, जिससे वह गाड़ी पर से कंट्रोल खो बैठा। इससे टर्मिनल 2 की पार्किंग में यह हादसा हुआ। इसके बाद कार गेट के सामने रैंप से टकरा गई। महाराष्ट्र के मुंबई में एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी इलाके में 14 जनवरी सुबह 9.46 बजे कार ने महिला-पुरुष को टक्कर मार दी।

## राजस्थान में आया भूकंप, बीकानेर में धरती हिली

**बीकानेर ( एजेंसी )।** बीकानेर में रविवार दोपहर 12.58 बजे भूकंप का झटका महसूस हुआ। भूकंप का केंद्र बीकानेर से 72 किलोमीटर दूर जसरासर के महरामसर में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे रहा। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 थी।

अचानक आए भूकंप के झटकों से लोग सहम गए और एक-दूसरे को कॉल किया। अब तक कहीं से भी किसी तरह की जनहानि होने की सूचना नहीं है। मुरलीधर व्यास कॉलोनी में रहने वाली मीनाक्षी ने बताया कि अचानक सब कुछ हिल गया था। रामकुमार हर्ष ने बताया कि उन्हें भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। नोखा और लूणकरणसर में भी भूकंप का एहसास हुआ है। जलदाय विभाग के कर्मचारी श्याम नारायण रंगा ने बताया कि शहर में कई जगह झटके महसूस हुए हैं। सीसीटीवी कैमरे में भी धरती हिलने का नजारा कैद हुआ। हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है।

## पंजाब सरकार बुजुर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उठा रही विशेष कदम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बुजुर्गों के लिए एक बड़ी सहायता योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पंजाब सरकार अब 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 1,500 रुपये मासिक पेंशन प्रदान कर रही है। यह योजना बुजुर्गों को वित्तीय सहायता देने के लिए शुरू की गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों के जीवन को आसान और अधिक आरामदायक बनाना है।



पंजाब सरकार वृद्धावस्था पेंशन के तहत बुजुर्गों को हर महीने 1,500 रुपये प्रदान कर रही है। सरकार ने बजट में बुजुर्गों, विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों के लिए 5924.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। सरकार ने प्रदेश के 34.90 लाख लाभार्थियों को 4532.60 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की है। इसी प्रकार पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि पेंशन प्रणाली में कोई रुकावट न आए तथा सहायता उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का कहना है कि हमारे बुजुर्ग हमारी पूंजी हैं।

## वक्फ संशोधन बिल-जेपीसी मेंबर ने राय बदलने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी सोमवार को लोकसभा में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इससे एक दिन पहले जेपीसी मेंबर और कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए।

नसीर हुसैन का दावा है कि, रिपोर्ट को लेकर उन्होंने जो असहमति जताई थी। उस हिस्से को उनकी परमिशन के बिना एडिट किया गया। हुसैन ने कहा- आखिर हम (विपक्ष) को चुप कराने का प्रयास क्यों किया जा रहा है।

कांग्रेस सांसद ने सोशल मीडिया पर रिपोर्ट के एडिट हिस्से को भी शेयर किया सैयद नसीर हुसैन ने सोशल मीडिया ङ्ग पर अपना असहमति नोट और फाइनल रिपोर्ट के कुछ पेज शेयर किए। उन्होंने लिखा- वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर जेपीसी के सदस्य के रूप में मैंने विधेयक का विरोध करते हुए एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। चौंकाने वाली बात यह है कि मेरे असहमति नोट के कुछ हिस्सों को मेरी जानकारी के बिना एडिट किया गया है।

जेपीसी पहले ही तमाशा

## पाला बदलने की तैयारी में संजय राउत, इस पार्टी में होने जा रहे शामिल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने रविवार को दावा किया कि शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत कांग्रेस में शामिल होने के लिए दिल्ली में एक नेता से बातचीत कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राणे ने कहा कि राउत का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के पास उन्हें एक और कार्यकाल के लिए जीत दिलाने को लेकर पर्याप्त विधायक नहीं हैं। महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट पर जीत हासिल की थी।

राणे ने संवाददाताओं से कहा, ''राउत को 'सामना% (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का मुखपत्र) में लिखना चाहिए कि वह शिवसेना (उबाठा) में कितने समय तक टिके





रहेंगे। उन्हें उस नेता के बारे में लिखना चाहिए, जिनसे वह दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्हें इस मुद्दे पर भी बयान देना चाहिए। बार-बार प्रयास करने के बावजूद राउत से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका। राणे की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब राउत ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री तथा शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच मतभेद से राज्य में शासन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राउत ने शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना% में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक% में दावा किया कि शिंदे अभी तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद पुन  नहीं दिया गया और वह इस पद को फिर से हासिल करने की बेहद कोशिश कर रहे हैं और फडणवीस इससे अच्छी तरह से वाकिफ हैं। शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस सहयोगी हैं।

## गुजरात में बस खाई में गिरी, 5 श्रद्धालुओं की मौत,35 जख्मी

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरात के डांग जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक प्राइवेट बस गहरी खाई में गिर गई। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। 17 गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक यह हादसा रविवार सुबह करीब 4.15 बजे हुआ। सापुतारा हिल स्टेशन के पास ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह खाई में गिर गई। बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के थे। अधिकारी बोले- ब्रेक फेल होने से हादसा डांग कलेक्टर महेश पटेल ने कहा- यात्रियों ने बताया, बस सापुतारा में रुकी थी। जहां चाय और नाश्ता किया गया। इसके बाद यात्रा दोबारा शुरू हुई। ऐसा लगता है कि ब्रेक फेल होने के कारण ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया। 23 दिसंबर को धार्मिक यात्रा पर निकले थे श्रद्धालु जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश के शिवपुरी, गुना और अशोकनगर जिलों से श्रद्धालुओं का दल 23 दिसंबर को धार्मिक यात्रा पर निकला था। ये लोग



उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के अलग-अलग तीर्थ स्थलों की यात्रा कर रहे थे। कुल चार बसों में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को मात देकर रचा इतिहास, एशेज में बना ये महारिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच एशेज 2025 खेली जा रही थी जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के बीच तीन वनडे, तीन टी20 इंटरनेशनल और एक टेस्ट खेला गया। सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने कमाल करते हुए इंग्लैंड का पूरी तरह सूपड़ा साफ कर दिया। महिला कंगारू टीम ने सिर्फ एक फॉर्मेट की सीरीज में इंग्लैंड का सूपड़ा साफ नहीं किया बल्कि तीनों फॉर्मेट में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप किया। ये मल्टी फॉर्मेट एशेज के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि जब ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का तीनों फॉर्मेट की सीरीज में सूपड़ा साफ किया हो। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने 2025 की एशेज जीतकर इतिहास रच दिया। पहले तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई, सीरीज के पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीत अपने नाम की। फिर दूसरे वनडे में कंगारू टीम ने 21 रनों से जीत अपने खाते में डाली। इसके बाद सीरीज के आखिरी वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 86 रनों से जीत अपने नाम की।

इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली गई। टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 57 रनों से जीत दर्ज की। फिर दूसरे मुकाबले में कंगारू टीम ने डीएलएस के तहत 6 रन से जीत हासिल की। इसके बाद आखिरी टी20 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 72 रनों से हराया। फिर आखिर में दोनों टीमें एकलौते टेस्ट मैच के लिए भिड़ी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एक पार और 122 रनों से करारी शिकस्त दी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड का एशेज में पूरी तरह सूपड़ा साफ कर दिया।




## नए बजट से आईपीएल 2025 में बिकने वाले खिलाड़ियों पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक फरवरी 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। भारत 2036 ओलंपिक्स की मेजबानी की ओर अग्रसर है, इसके लिए खेलो इंडिया स्कीम को 1,000 करोड़ रुपये आवंदित किए हैं। भारत में खेलों के प्रति एक नई मुहिम छेड़ने के इरादे से ये फैसला लिया गया है। खैर बजट की दृष्टि से आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो उन्हें काफी भारी टैक्स चुकाना पड़ सकता है। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में बेस प्राइस 30 लाख रुपये था। जिसका मतलब आईपीएल 2025 में खेलने वाले सबसे कम पैसों में बिके खिलाड़ी पर भी कम से कम 30 लाख रुपये की बोली लगी थी। अगर किसी प्लेयर को अलगा सीजन खेलने के लिए 30 लाख रुपये मिलते हैं तो उसे 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। अगले सत्र के लिए जारी हुए बजट के तहत कोई व्यक्ति साल में 24 लाख रुपये से ज्यादा कमाता है तो उसे 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। जिसका मतलब यै है कि, 30 लाख रुपये कमाने वाले खिलाड़ी को 30 प्रतिशत टैक्स यानी 9 लाख रुपये टैक्स के रूप में देने होंगे। चूंकि आईपीएल से होने वाली कम से कम कमाई 30 लाख रुपये है इसलिए अगल सीजन खेलने वाले हर एक प्लेयर को 30 प्रतिशत टैक्स का भुगतान करना ही होगा।

## मोहम्मद शमी खेल सकते हैं इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी20

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज का आखिरी मैच मुंबई में खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया के गेंदबाज कोच मोर्ने मोर्कल ने मोहम्मद शमी की वापसी के संकेत दिए हैं। मोहम्मद शमी करीब 14 महीने बाद हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मै के दौरान टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में कामयाब हुए थे। हालांकि इस मुकाबले में वो कमाल नहीं दिखा पाए थे। और तीन ओवर में उन्होने 25 रन खर्च किए थे। जिसके बाद अगले मैच में शमी को आराम दिया गया था। मोहम्मद शमी ने इससे पहले वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत के लिए खेला था। भारत के गेंदबाज कोच मोर्न मार्कल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि, शमी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, वॉर्म-अप मैच में वह अच्छा दिख रहा है। उसे अगले मुकाबले में शायद मौका मिलने वाला है। हम देखेंगे कि चीजें कैसे चलती है लेकिन टीम में उसे वापस देखकर उत्साहित हैं। उनके द्वारा ट्रेनिंग के दौरान अपने अनुभव और ज्ञान को शेयर करना इस युवा गेंदबाजी यूनिट और भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है, इसलिए शमी का टीम में वापस आना बहुत अच्छा है। अनुभवी तेज गेंदबाज शमी को रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफीमें खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

## रिद्धिमान साहा ने क्रिकेट को कहा अलविदा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी मुकाबले के दूसरे दिन बंगाल की टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साहा ने पहले ही अपने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी साथ ही ये भी बता दिया था कि कब वह अपना आखिरी मैच खेलेंगे। 31 जनवरी को वह आखिरी बार रणजी ट्रॉफी में अपना आखिरी घरेलू क्रिकेट मैच खेलने उतरे। रिद्धिमान साहा 31 जनवरी को अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच खेलने उतरे। साहा ने करीब 20 साल चले लंबे क्रिकेट करियर को आखिरकार विराम दे दिया। इस मैच से पहले वह बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष स्नेहआशीष गांगुली ने साहा को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। साथ ही जब वह मैदान पर खेलने के लिए उतरे तो उन्हें साथी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# दिल्ली ने रेलवे को पारी से हराया, विराट कोहली को नहीं मिला दूसरी पारी में खेलने का मौका



**नई दिल्ली नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑफ स्पिनर शिवम शर्मा के पांच विकेट की बदौलत दिल्ली ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी लीग में अपने अभियान का अंत रेलवे पर पर बोनस अंक की जीत दर्ज करके किया। दिन की शुरुआत सात विकेट पर 334 रन से करने वाली दिल्ली ने पहली पारी में 374 रन बनाकर 133 रन की बढ़त हासिल की। रेलवे के बल्लेबाजों ने कुछ लापरवाही भरे शॉट खेले जिससे मैच परिणाम जल्दी निकल गया। दोपहर के सत्र में रेलवे की टीम 30.4 ओवर में 114 रन पर ऑल आउट हो गई और उसे पारी तथा 19 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत से दिल्ली को बोनस सहित सात अंक मिले। इस नतीजे से दर्शक मैच में दूसरी बार स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बल्लेबाजी करते हुए देखने से महरूम हो गए। दिल्ली के लिए सुमित माथुर (86) रात के 78 रन को शतक में तब्दील नहीं कर सके क्योंकि दूसरे दिन कोहली का विकेट झटकने वाले हिमांशु सांगवान ने उन्हें पगबाधा आउट किया और चार विकेट चटकाए। दिल्ली की यह इस सत्र की दूसरी जीत थी।

एलीट ग्रुप डी से नॉकआउट में जगह बनाने की टीम की संभावना अन्य मैचों के नतीजों पर निर्भर करेगी। इस मैच में सिर्फ एक खिलाड़ी कोहली ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया था जिन्होंने 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी की। दर्शकों को दूसरी पारी में कोहली को देखने का मौका नहीं मिला क्योंकि रेलवे के बल्लेबाज धीमी पिच पर जल्दी आउट हो गए। पूर्व भारतीय कप्तान कोहली दूसरे दिन पहली पारी में केवल 15 गेंद खेलकर छह रन बनाने के बाद आउट हो गए थे। दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिद्धांत शर्मा की इनस्विंगर पर सूरज आहूजा के आउट होने के बाद रेलवे ने लगातार विकेट गंवा दिए। उनके सलामी जोड़ीदार विवेक सिंह (12) ने सिद्धांत की गेंद पर एक शानदार कवर ड्राइव लगाया लेकिन अति-आक्रामकता के कारण वह शिवम की गेंद पर आउट हो गए। थोड़ी देर बाद मोहम्मद सैफ (31 गेंद पर 31 रन) भी शिवम की गेंद पर आउट हो गए। सिद्धांत ने इनस्विंगर पर सूरज आहूजा को आउट किया।

दिल्ली को भी उम्मीद नहीं थी कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा। नवदीप सैनी ने भार्गव मेराई को आउट करके स्कोर चार विकेट पर 57 रन कर दिया। रेलवे की पहली पारी के स्टार बल्लेबाज उपेंद्र यादव (19) मनी ग्रेवाल की इनकमिंग बॉल पर आउट हो गए। दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने दसवें नंबर के बल्लेबाज कुणाल यादव को आउट किया जिसके बाद 11वें नंबर के बल्लेबाज अंचित यादव बल्लेबाजी के लिए नहीं आए जिसके बाद मैच खत्म हो गया।

कोहली ने साथी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम में काफी समय बिताया, हाथ मिलाया और तस्वीरें खिंचवाईं। वह विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से मिलने के लिए रेलवे के ड्रेसिंग रूम में भी गए।

## डॉली चायवाला ने पिलाई शोएब अख्तर को चाय, पूर्व पाक गेंदबाज हुए मुरीद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौजूदा समय में इंटरनेशनल लीग टी20 2025 खेली जा रही है। इस टूर्नामेंट के बीच पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को भारत के मशहूर सोशल मीडिया स्टार डॉली चायवाला ने अपनी चाय पिलाई। डॉनी ने बीच मैदान पर शोएब अख्तर को अपनी चाय पिलाई। अख्तर ने जमकर डॉली की चाय की तारीफ की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। शोएब अख्तर ने अपने सोशल मीडिया के जरिए डॉली चायवाला के साथ वीडियो शेयर किया। वीडियो की शुरुआत में अख्तर कहते हैं कि हमारे बहुत अच्छे, बहुत प्यारे दोस्त नागपुर से आए हैं। बहुत ही फेमस हैं डॉली। इसके आगे पाक पूर्व गेंदबाज ने डॉली चायवाला से पूछा कि आपने मेरे मैच देखे हैं?

इस पर डॉली कहते हैं कि, जी हां सर, मैंने आपके बहुत सारे मैच देखे हैं। आप फास्ट बॉलर हो। ऐसा लगता है कि आप बॉलिंग नहीं कर रहे हो, किसी को बॉल फेंककर मार रहे हो। फिर आगे अख्तर ने चाय की तारीफ करते हुए कहा कि, चाय बहुत अच्छी लगी।

बता दें कि, डॉली चायवाला बिग बॉस में भी नजर आ चुके हैं। हालांकि, वो इसमें बतौर गेस्ट गए थे। वहीं डॉली ने बिल गेट्स को भी चाय पिलाई है जिसके बाद उन्हें खूब पहचान मिली थी। अब उन्होंने शोएब अख्तर को अपनी चाय पिलाई है।

# बटलर को यह अनुचित लगा लेकिन मैच रेफरी ने यह फैसला लिया-मोर्कल ने 'कनकशन सब' पर कहा

**पुणे नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर शिवम दुबे की जगह 'कनकशन सब (किसी खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने पर उसकी जगह लेने वाला स्थानापन्न खिलाड़ी)' के रूप में हर्षित राणा के इस्तेमाल से नाखुश थे लेकिन भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि युवा तेज गेंदबाज का नाम सामने रखने के बाद मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने अंतिम फैसला लिया। भारतीय पारी के अंतिम ओवर में जेमी ओवरटन की पांचवी गेंद दुबे के हेलमेट पर लगी, जिसके कारण कनकशन प्रोटोकॉल का पालन किया गया। दुबे ने 34 गेंद पर 53 रन बनाए।

उन्होंने हालांकि आखिरी गेंद का सामना किया, लेकिन जब भारत 181 रन का बचाव करने के लिए उतरा तो राणा उनकी जगह क्षेत्ररक्षण करने उतरे। राणा को हालांकि तेज गेंदबाजी के लिए जाना जाता है जबकि दुबे लगभग 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते है। मोर्कल ने कहा, '' जहां तक मेरी जानकारी है, शिवम (दुबे) सिर पर चोट लगने के बाद जब ड्रेसिंग रूम पहुंचे तो उन्होंने सिर में दर्द की शिकायत की। हमने इसके बाद कनकशन सब के लिए मैच रेफरी के पास एक नाम भेजा।'' उन्होंने कहा, '' इससे जुड़ा निर्णय लेना मैच रेफरी पर निर्भर था।''



राणा ने अपने पदार्पण मैच में 33 रन देकर तीन विकेट लेकर भारत की जीत में अहम योगदान दिया। मोर्कल ने कहा, '' राणा को जब इस बारे में बताया गया वह खाना खा रहे थे। उनके सामने खुद को जल्दी से जल्दी तैयार कर मैदान पर उतरने की चुनौती थी और मुझे लगता है कि उन्होंने शानदार काम किया।'' मोर्कल को जब बताया गया कि बटलर इस बदलाव से खुश नहीं थे क्योंकि 'कनकशन सब' में समान योग्यता वाले खिलाड़ी को उतारा जाता है और राणा तेज गेंदबाज है जबकि दुबे मध्यम गति से गेंदबाजी करते है। मोर्कल ने कहा, '' आप जानते है कि यह तय करने का अधिकार मेरे से ऊपर बैठे लोग (मैच रेफरी) के पास है। मैच रेफरी निर्णय लिया। हमने उनके सामने केवल नाम रखा था। हमें इसके लिए हरी झंडी मिल गई।

# मैदान पर फिर लौटेंगे युवराज सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह की क्रिकेट के मैदान पर एक बार फिर वापसी होने वाली है। सिक्सर किंग के नाम से मशहूर युवराज सिंह अब इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में हिस्सा लेंगे और इंडिया मार्टर्स टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। ये लीग 22 फरवरी से 16 मार्च तक खेली जाएगी। युवराज सिंह ने साल 2007 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में 6 पर 6 छक्के जड़े थे। तभी से उनको सिक्सर किंग कहा जाने लगा। ये वर्ल्ड कप भारत ने जीता था और इसमें युवराज सिंह का अहम रोल रहा था।

वहीं युवराज के अलावा साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी ड्यूमिनी भी इस लीग में हिस्सा लेंगे। वह साउथ अफ्रीका मार्स्टस का प्रतिनिधित्व करेंगे। ड्यूमिनी ने कहा कि उनके लिए ये गर्व की बात है। वह साउथ अफ्रीका की टी20 टीम की कप्तानी भी




कर चुके हैं। इसी तरह श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज उपुल थरंगा भी श्रीलंका मास्टर्स के लिए इश लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। थरंगा ने भी इस लीग में खेलने को लेकर खुशी जाहिर की है।

युवराज ने इस लीग के साथ जुड़ने पर कहा कि, सचिन तेंदुलकर और मेरे बाकी साथियों के साथ इस लीग में खेलना अपने पुराने दिनों को याद करना होगा। इन सभी के साथ खेलना काफी यादों को ताजा करेगा। मेरे लिए ये लीग उस युगा को सलाम करना है जिसने भारतीय क्रिकेट को बदला।

फिलहाल, इंडिया मास्टर लीग तीन अलग-अलग शहरों में खेली जाएगी। इस लीग के मैच नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में खेले जाएंगे। इस लीग में वो क्रिकेटर खेलेंगे जो इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। इंडिया मास्टर्स की टीम में सचिन तेंदुलकर जैसा खिलाड़ी भी होगा। वहीं श्रीलंका के कुमार संगाकारा, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा, साउथ अफ्रीका के जैक्स कैलिस, इंग्लैंड के ऑयन मॉर्गन भी इस लीग में हिस्सा लेंगे।

# मैहर में एनएच-30 पर हिट एंड रन

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार शाम सभागंज पथरहटा के पास एक वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी और मौके से भाग गया।

हादसे में रायबरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी 43 वर्षीय सुरेश मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। सुरेश सभागंज की शराब दुकान में काम करता था। बाइक सवार दूसरा व्यक्ति सतना निवासी 19 वर्षीय शिवम शुक्ला है। वह गंभीर रूप से घायल है।



घटना की सूचना मिलते ही अमदरा थाना प्रभारी संजय दुबे और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। घायल शिवम को पहले अमदरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मैहर सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, दोनों बाइक सवार कटनी की तरफ जा रहे थे। पुलिस टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर फरार वाहन की पहचान कर रही है।

# सतना में महिला के सूने घर में चोरी

## 79 हजार की नकदी और जेवर ले उड़े चोर, सीसीटीवी में 4 बदमाश कैद

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना शहर के वार्ड नंबर 4 बगहा में 1-2 फरवरी की रात को अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के सूने घर में चोरी की। घर की मालकिन शशि त्रिपाठी अपने बीमार रिश्तेदार को देखने जबलपुर गई थीं। वे अकेली रहती हैं।

चोरी का पता सुबह तब चला जब पड़ोस में रहने वाले उनके रिश्तेदारों ने घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखा। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज की जांच में चार बदमाश नजर आए।



प्रारंभिक जांच में घर से 29 हजार रुपए नकद, सोने की बालियां और चांदी की पायल समेत कुल 50 हजार रुपए के गहने चोरी होने की बात सामने आई है। शशि त्रिपाठी के जबलपुर से लौटने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आये बाइक सवार, महिला की मौत, पति-बच्ची गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गुढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे में पत्नी की जान चली गई, जबकि बच्ची और पति की हालत गंभीर है। घटना क्षेत्र के भैरव बाबा चौड़िया के समीप की है। सभी घायलों को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला की मौत की पुष्टि की। परिजनों ने बताया कि चौड़िया निवासी शुभम रावत रीवा में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता है। वह अपनी पत्नी आंचल रावत व बच्ची माही सहित बहन को लेकर बाइक से गांव जा रहा था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आंचल रावत की मौत हो गई। जबकि शुभम रावत और माही गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। लेकिन तब तक आंचल रावत की मौत हो चुकी थी।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

## कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर 42 में से 23 सीसीटीवी कैमरे बंद

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर लगे 42 सीसीटीवी कैमरों में से केवल 19 ही काम कर रहे हैं। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है, जब प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के चित्रकूट आने की संभावना है।



**दो कैमरों से हो रही है निगरानी:** नगर पालिका द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाए गए इन कैमरों की स्थिति चिंताजनक है। श्रद्धालु मंदाकिनी में स्नान के बाद भगवान कामतगिरि की पंचकोसी परिक्रमा करते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा की निगरानी अधूरी है। चित्रकूट पुलिस मात्र दो कैमरों से ही निगरानी कर पा रही है।

नगर पालिका के अधिकारी ईओ लाल यादव ने खराब कैमरों को जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, उनके पिछले दावे खोखले साबित हुए हैं। यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि आने वाले समय में महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन से सुरक्षा चुनौतियां और बढ़ सकती हैं।

# राज्यमंत्री बागरी ने किये खैरूआ सरकार के दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** म.प्र. शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को नागौद के समीप प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खैरूआ सरकार के दर्शन और पूजा अर्चना की। इस दौरान राज्यमंत्री बागरी ने देश और प्रदेश की जनता को खुशहाली की कामना की।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र रैगांव कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।



## सड़क पार कर रही महिला की बुलेरो की चपेट में आने से मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चोरहटा थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रही एक महिला की तेज रफ्तार बुलेरो की चपेट में आने के कारण मौत हो गई। मृतिका की पहचान रामपुर पैपखरा निवासी सुखवरिया कोल के रूप में हुई है। घायल को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतिका के पुत्र धर्मेंद्र कोल ने बताया कि वह अपनी मां के साथ बड़े भाई के बेटी की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए पैपखरा से उमरी गांव आया था।

## मझगवां क्षेत्र की 5 ग्रामीण सडकों के सुधार हेतु 32 लाख 14 हजार की स्वीकृति

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण की मझगवां-चित्रकूट क्षेत्र की 5 ग्रामीण सडकों के क्षतिग्रस्त होने पर उनकी मरम्मत एवं सुधार के लिए 32 लाख 14 हजार के प्रस्तावों की स्वीकृति अनुशंसा की है। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यों में सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ करने और समय-समय पर प्रगति से अवगत कराने के निर्देश भी दिये हैं। इनमें गुप्त गोदावरी से टेडी पतमनियां मार्ग चैनेज 980 मीटर पर शोल्डर निर्माण के लिए 2.21 लाख, कठवरिया से गोपालपुर मार्ग चैनेज 7000 मीटर पर शोल्डर निर्माण के लिए 7.04 लाख, खोही से भियामऊ मार्ग के चैनेज 3800 मीटर एवं 4800 मीटर पर कटाव और क्षतिग्रस्त स्लैब के निर्माण के लिए 10.45 लाख, खोही पाथर कछार रोड से ढोल बजा मार्ग के चैनेज 4800 में कटाव और क्षतिग्रस्त स्लैब के निर्माण के लिए 7.06 लाख तथा जैतवारा-कुलकडिया रोड से मचखडा मार्ग चैनेज 600 मीटर और 720 मीटर में प्रोटेक्शन वाल बनाने 5.38 लाख रूपये की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है।

# नवविवाहिता की आग में जलने से हुई मौत, परिजनों ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आग से झुलसने के कारण रविवार को नव विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका इलाज संजय गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट में चल रहा था। मृतका का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वह ससुराल पक्ष के लोगों का नाम लेकर प्रताड़ना का आरोप लगाती हुई दिखाई दे रही है।

मामला छुईला ग्राम का बताया जा रहा है। महिला को शनिवार शाम गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए मृतका के भाई मनीष मिश्रा ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले मेरी बहन का विवाह छुईला के गंगा प्रसाद पांडेय के बड़े बेटे संतोष के साथ हुआ था।



**दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे:** जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोग लगातार सिंपल पांडे को दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, साथ ही उसे किसी से इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दी गई धमकी के बाद मेरी बहन मायके आने से भी डरने लगी थी।

**ससुराल पक्ष के लोगों ने फोन छीन कर तोड़ा:** परिजनों का आरोप है कि घटना से एक दिन पहले जब मृतका अपनी मां से बात कर रही थी तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका फोन छीन कर तोड़ दिया। उसी के बाद यह घटना हो गई। वहीं इस घटनाक्रम को लेकर मृतक के ससुर गंगा प्रसाद का कहना है कि जब वह खेत से अपने घर वापस लौटे तो उन्होंने अपनी बहू को जलते हुए देखा, और आग बुझाने का प्रयास भी किया। पुलिस ने मर्ग की कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी उमेश प्रजापति का कहना है कि महिला किसी कारण वश जल गई है। घटना की जांच कर रहे हैं।

## रामवन में 5 दिवसीय बसन्तोत्सव मेला आज से

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के प्रसिद्ध स्थल रामवन में प्रतिवर्ष के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला रामवन बसन्तोत्सव मेला 3 फ़रवरी से प्रारंभ हो रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामपुर बघेलान की अध्यक्षता में गठित मेला आयोजन समिति द्वारा मेले की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं संबंधी तैयारी पूर्ण की जा रही है।

रामवन मेले में पांच दिनों चलने वाले विविध सांस्कृतिक, पारम्परिक खेल, क्रीडा, स्पर्धा, कवि सम्मेलन सहित खेल तमाशों का भी आयोजन होगा। सरपंच ग्राम पंचायत मतहा मनीषा सिंह ने बताया कि रामवन में इस वर्ष दूर दराज के शहरों से झूले और कानपुर, झांसी तक से दुकानदार अपनी दुकानें यहां ला रहे हैं। मौत का कुंआ, सर्कस, बडे झूले मेले का आकर्षण होगा। रामवन के पांच दिवसीय बसंतोत्सव मेले का शुभारंभ 3 फ़रवरी को विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह द्वारा की जायेगी।

# रामवन मेले में बघेली लोकगीतों तथा लोक नृत्यों की रहेगी धूम

## कार्यक्रम का आयोजन 4 से 6 तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के प्रसिद्ध स्थल रामवन में प्रतिवर्ष के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला रामवन बसन्तोत्सव मेला के अवसर 4 से 6 फ़रवरी तक प्रतिदिन सायं 6 बजे मेला मैदान रामवन में लोकगीतों का आयोजन किया जायेगा। 4 फ़रवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में गायक अवधी लोकगीत वंदना मिश्रा लखनऊ द्वारा प्रस्तुति एवं कवि सम्मेलन की प्रस्तुति रामपाल सिंह तथा उनके साथियों द्वारा दी जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीकृष्ण महेश्वरी, लोकसभा प्रभारी उमेश प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, महामंत्री मानस संघ रामपुर बघेलान अजय तेजवानी रहेंगे।

इसी प्रकार 5 फ़रवरी को मैहर बैंड सपना नामदेव एवं अमन जैन के द्वारा भक्ति गायन एवं राजस्थानी लोक नृत्य एवं श्रीमती मणिमाला सिंह द्वारा बघेली लोकगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती एकता अनूप सिंह, जनपद सदस्य-जनपद पंचायत रामपुर बघेलान सुखीनंद चौधरी, ग्राम पंचायत मतहा सरपंच श्रीमती मनीषा सिंह रहेंगी। 6 फ़रवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सागर का बधाई डांस, नवरता डांस, बरेदी डांस की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, पूर्व अध्यक्ष लघु उद्योग कैबिनेट दर्जा प्राप्त अखण्ड प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर बघेलान बाबूलाल सिंह रहेंगे।

# फॉलोवर्स बढ़ाने युवक ने कट्टे के साथ पोस्ट की फोटो, गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सोशल नेटवर्किंग साइट में फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए एक युवक ने कट्टे के साथ फोटो पोस्ट कर दी, फोटो संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस पूछताछ कर रही है। दरअसल फोटो संज्ञान में आते ही एसपी विवेक सिंह ने डीएसपी हिमाली पाठक को कारवाई के निर्देश दिए। डीएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी सगरा अंकिता मिश्रा ने आरोपी को बछरा मोड़ के समीप घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी की पहचान शिवम सिंह उर्फ लकी निवासी मझगवा थाना बैकुंठपुर के रूप में हुई। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए कट्टे को खुले मैदान में फेंक दिया था, जिसे उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मीसाबंदी अर्जुन सिंह चौहान का 2 फरवरी को सुबह 3 बजे बंसल हॉस्पिटल भोपाल में चिकित्सा के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। अंत्येष्टि 3 फरवरी को दोपहर मुक्तिधाम रीवा में की जाएगी।



भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि अर्जुन सिंह चौहान का बंसल चिकित्सालय भोपाल में इलाज चल रहा था। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली, उनका पार्थिव शरीर भोपाल से उनके निज निवास रीवा के हेडगेवार नगर में दर्शनार्थ रखा गया है। सोमवार सुबह 9 बजे गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास से भाजपा कार्यालय पहुंचेगी जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, तत्पश्चात मुक्तिधाम ले जाया जाएगा जहां पर अंतिम संस्कार होगा। अर्जुन सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष, रीवा सुधार न्यास के अध्यक्ष के साथ मीसा बंदी थे। निधन के समाचार प्राप्त होते ही भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास में पहुंचकर परिजनों के दुख में सहभागी हुए।

अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि चौहान ने सामाजिक सरोकार की भूमिका के साथ संगठन को बढ़ाने के लिए काम किया सुधारना अध्यक्ष के रूप में उन्होंने रीवा के विकास के लिए नई आवासीय कॉलोनीयों के साथ रीवा शहर को विस्तार देने का काम किया है ईश्वर दिवंगत आत्मा को मोक्ष गति दे और परिजनों को कष्ट सहने का सामर्थ प्रदान करें

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया से की मुलाकात

# सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्वीकृति का किया अनुरोध

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हाल ही में रीवा में एक भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, जहां दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र के जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों से उभर रही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया से विंध्य क्षेत्र के खिलाड़ियों के विकास के लिए रीवा में 10 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के लिये अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान और खेल के माध्यम से युवाओं के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण से विंध्य क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। रीवा सांसद श्री जनार्दन मिश्र और सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।